# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

haribhoomi.com



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹103448/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹126345/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹137917/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand® Jewels

Pandri, Raipur


बुत मरते नहीं का दूसरा भाग है प्रत्याघात, चित्रा मुदगल होंगी मुख्य अतिथि, पदमश्री डा. सुनील जोगी

हिंदुस्तान के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी और हरिभूमि के प्रधान संपादक डा. हिमाशु की विशेष उपस्थिति

## नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में होगा ब्रह्मवीर सिंह के उपन्यास 'प्रत्याघात' का लोकार्पण



श्रीमती चित्रा मुद्गल



श्री प्रताप सोमवंशी



पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*प्रसिद्ध लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार ब्रह्मवीर सिंह के ख्यात प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित नव उपन्यास 'प्रत्याघात' का लोकार्पण 11 जनवरी 2026, रविवार को नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 में किया जाएगा। लोकार्पण में सुप्रसिद्ध लेखिका श्रीमती चित्रा मुद्गल, प्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी, लेखक-कवि एवं हिंदुस्तान के प्रबंध संपादक, श्री प्रताप सोमवंशी एवं डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि समाचार पत्र समूह की विशेष उपस्थिति रहेगी।*



*उपन्यास 'प्रत्याघात', ब्रह्मवीर सिंह की चर्चित कृति 'बुत मरते नहीं' का दूसरा भाग है। इससे पहले ब्रह्मवीर सिंह नक्सलवाद पर केंद्रित उपन्यास 'दंड का अरण्य' साहित्यिक जगत में चर्चा का विषय रहा है। उपन्यास पर अनेकों शोधकार्य हुए हैं, वहीं 'बुत मरते नहीं' जातिवाद के भेद से उठकर मित्रता के चरम की कहानी है। इस तरह 'दंड का अरण्य', 'बुत मरते नहीं' और 'प्रत्याघात' लेखक की नियमित सशक्त रचनात्मक यात्रा के रूप में देखे जा रहे हैं।*

*उनके लिए जो टूटे हैं, पर मिटे नहीं हैं*

*लेखक ने प्रत्याघात को...उनके लिए, जो टूटे हैं पर मिटे नहीं है कि संवेदनात्मक टैगलाइन के साथ प्रस्तुत किया है। प्रत्याघात का केंद्रीय भाव हताशा से उपजा मौन और मौन से उपजे प्रतिरोध को रेखांकित करता है। प्रत्याघात हताश मनुष्य के फिर से उठ खड़े होने की कहानी है।*

▶▶| शेष पेज 7 पर

2000 के पूर्व बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का मामला, डुप्लीकेट अंकसूची नहीं बन रही

# दो राज्यों की तनातनी में फंसी 10वीं-12वीं की अंकसूची छग ने कहा-आवेदन भेजे गए, मप्र बोला-एक भी डंप नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

यदि आपने वर्ष 2000 के पहले दसवीं या बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है और आपकी अंकसूची खो गई है तो डूप्लीकेट प्रति प्राप्त करने की उम्मीद मत रखिएगा। ऐसा हम छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के मध्य चल रही तनातनी के कारण कह रहे हैं। दरअसल, छग के जिन विद्यार्थियों ने वर्ष 2000 के पूर्व दसवीं-बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनकी अंकसूची में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल अंकित है। मप्र मंडल अंकित लोगो की अंकसूची का मुद्रण मध्यप्रदेश ही करने के लिए अधिकृत है। ▶▶| शेष पेज 7 पर



### 2024 से आवेदन

पुरानी स्टेशनरी समाप्त होने के बाद 2024 से ही माशिम द्वारा इसके लिए आवेदन प्रेषित किए जा रहे हैं। मामले को लेकर पत्र व्यवहार करने के अतिरिक्त छग माध्यमिक शिक्षा मंडल कई माह पूर्व अपना प्रतिनिधि भी भेज चुका है। यहां भी उन्हें निराश होकर ही लौटना पड़ा। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल उन ▶▶| शेष पेज 7 पर

### माइग्रेशन बुक भी नहीं

माशिम ने उन विद्यार्थियों की सूची प्रेषित की है, जिन्होंने 2000 के पूर्व परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें 1979, 1983, 1986 के भी विद्यार्थी हैं। सर्वाधिक संख्या 2000 सत्र के छात्रों की है। माशिम ने जो स्टेशनरी की सूची भेजी है, उसमें माइग्रेशन बुक भी शामिल है। पूर्व में विद्यालयीन पढ़ाई केवल 11वीं कक्षा तक ही होती थी। ऐसे में पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर बनी अंकसूची भी मांगी गई है।

कोलकाता हाईकोर्ट में भारी भीड़ और हंगामे से जज सुनवाई टालकर बाहर निकलीं

# ईडी के खिलाफ सड़क पर उतरी तृणमूल, शाह का ऑफिस घेरते सांसद हिरासत में, ममता बोलीं- छेड़ोगे तो छोड़ूंगी नहीं

*कोलकाता में टीएमसी का राजनीतिक काम देख रही संस्था आइ-पैक और इसके निदेशक प्रतीक जैन के घर हुई ईडी की छापेमारी के बाद कोलकाता से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कोलकाता में ममता बनर्जी ने ईडी के खिलाफ पैदल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि मैं आमतौर पर प्रतिक्रिया नहीं देतीं, लेकिन अगर कोई मुझे छेड़ता है तो मैं छोड़ती नहीं हूं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वहीं टीएमसी सांसदों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निवास के बाहर प्रदर्शन किया जिन्हें हिरासत में लिया गया। इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान जज कक्ष में अत्यधिक भीड़ होने व शोर-शराबे के कारण सुनवाई टाल दी गई। अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी। दिल्ली समेत कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन जारी है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में उस स्थल पर पहुंचीं, जहां से वह ईडी के आई-पैक रेड के खिलाफ मार्च ▶▶| शेष पेज 7 पर

### भीड़ घुसी कक्ष में, जज ने नहीं की सुनवाई

शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे जैसे ही जस्टिस शुभ्रा घोष की बेंच में सुनवाई शुरू होने वाली थी, वहां वकीलों और इंटरर्न की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति यह थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी। जस्टिस घोष ने भीड़ को 5 मिनट में बाहर जाने का समय दिया और चेतावनी दी कि अगर भीड़ कम नहीं हुई, तो वह सुनवाई नहीं करेंगी।



### मेरे पास शाह के खिलाफ पेन ड्राइव : ममता

इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा- दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं तक कोयला घोटाले की रकम पहुंचती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। जरूरत पड़ी तो मैं इन्हें जनता के सामने पेश कर सकती हूं। ममता ने कहा कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और अमित शाह को भेजा।

### *शाह के कार्यालय के बाहर टीएमसी सांसदों का विरोध*

*दिल्ली में टीएमसी के सांसदों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई टीएमसी सांसदों को हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने से रिहा कर दिया गया। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि आई-पैक का दफ्तर उनकी पार्टी की संपत्ति है और वहां ईडी* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### भाजपा ने जांच में दखल का लगाया आरोप

बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने ईडी की छापेमारी पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा की जा रही कार्रवाई को असंवैधानिक और केंद्रीय एजेंसी की जांच में सीधा हस्तक्षेप करार दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पूर्व में सारधा चिटफंड घोटाले की जांच के सबूत नष्ट करने के मामले में कई साल पहले सीबीआई की छापेमारी के दौरान कोलकाता पुलिस के तत्कालीन आयुक्त राजीव कुमार के सरकारी आवास पर भी गई थीं। भाजपा नेता ने कहा कि ईडी को इस मामले में मुख्यमंत्री के खिलाफ कदम उठाने चाहिए।

आईपीएल से पहले सट्टे की बैटिंग

# ऐप का ग्राहक फांसते धरे गए सटोरिये, 50 लाख कैश जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक साल से सक्रिय थे सटोरिये, क्राइम गंज पुलिस की कार्रवाई

आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए नींव तैयार कर रहे चार सटोरियों को क्राइम ब्रांच तथा गंज थाने की पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 लाख रुपए कैश सहित 80 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी सट्टा का मास्टर माइंड पैनल आईडी के जरिए ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए लोगों की तलाश में था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई और मुखबिर की सूचना पर मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर सटोरियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

ऑनलाइन बैटिंग एप संचालित करने के आरोप में पुलिस ने शंकर नगर निवासी रितेश गोविंदानी, मौदहापारा निवासी मोहम्मद अख्तर, सुंदर नगर निवासी विक्रम राजकोरी, पुरानी बस्ती के अश्वनी नगर निवासी सागर पिंजानी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने गंज स्थित सिंधू भवन पार्किंग के पास कार में ऑनलाइन सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया है। सटोरिये मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र से बैटिंग एप से मास्टर ▶▶| शेष पेज 7 पर



### पूर्व में अपराध दर्ज

रितेश पूर्व में भी तेलीबांधा थाना क्षेत्र में सट्टा संचालित करने के आरोप में जेल जा चुका है। इसके साथ ही उसके खिलाफ गुढ़ियारी थाना में बलवा का मामला दर्ज है। विक्रम राजकोरी बेमेतरा में प्रतिबंधित हुक्का तथा हुक्का से जुड़ी अन्य सामग्री के साथ पकड़े जाने पर जेल जा चुका है। पूछताछ में सट्टा से जुड़े और कई नामों का खुलासा होने की संभावना है।

### जानकारी जुटा रही पुलिस

रितेश तथा उसके साथियों द्वारा सट्टा संचालित करने बड़े पैमाने पर म्यूल अकाउंट होने की जानकारी मिली है। रितेश और उसके साथियों का किन-किन बैंक में म्यूल अकाउंट है, पुलिस इस संबंध में जानकारी जुटा रही है। इसके लिए संबंधित बैंक को पत्र लिखकर म्यूल अकाउंट में जमा रकम को पुलिस होल्ड कराएगी।

# अमिताभ बनाए गए राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त

उमेश- शिरीष होंगे राज्य सूचना आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य सचिव रिटायर्ड आईएएस अमिताभ जैन को छत्तीसगढ़ शासन ने मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया है। इसी तरह, सचिव स्तर से रिटायर्ड आईएएस उमेश अग्रवाल और सीनियर जर्नलिस्ट डॉ.शिरीषचंद्र मिश्रा को राज्य सूचना आयुक्त के तौर पर नियुक्ति दी गई है। शुक्रवार को देर रात इस आशय के आदेश जारी किए गए हैं। उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से यह नियुक्ति मान्य होगी। जारी आदेश में कहा गया है कि उक्त नियुक्ति केन्द्रीय सूचना आयोग में केन्द्रीय सूचना आयुक्त, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### मिले थे 72 आवेदन

छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के दो रिक्त पदों के लिए 72 लोगों ने 79 आवेदन किए थे। सात आवेदकों ने सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दो-दो आवेदन भेजे, ताकि एक ना मिले तो दूसरा आवेदन मिल जाए। सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य सूचना आयुक्त के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए बीते 4 मार्च को विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए थे। इसके पश्चात सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आगे की कार्यवाही के लिए 79 आवेदनों की सूची बनाई थी। इनमें कई सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी व पत्रकार के नाम शामिल रहे। वहीं नवंबर माह में ▶▶| शेष पेज 7 पर






एडीआर की रिपोर्ट में दोबारा चुने गए सांसदों की संपत्ति का ब्यौरा

एडीआर की रिपोर्ट में उदयनराजे, पीवी मिधुन रेड्डी; शिअद की हरसिमरत कौर का भी नाम

# हेमा, शत्रुघ्न, सुप्रिया, निशिकांत सहित 102 सांसदों की संपत्ति में 110% की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने सांसदों की संपत्ति का ब्योरा साझा किया है। एडीआर की की रिपोर्ट के अनुसार, 2014 से 2024 के बीच लोकसभा में फिर से चुने गए 102 सांसदों की संपत्ति में औसतन 100% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2014 से 2024 के लोकसभा चुनावों के बीच पुनः निर्वाचित हुए 102 सांसदों की औसत संपत्ति वृद्धि 17.36 करोड़ रुपये है, जो लगभग 110 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। रिपोर्ट के अनुसार, भोंसले, जो 2014 और 2019 में ▶▶| शेष पेज 7 पर



### इनकी संपत्ति में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी

जिन दस सांसदों की संपत्ति में सबसे ज़्यादा बढ़ोतरी हुई है, उनमें भाजपा के उदयनराजे भोसले, पूनमबेन मादम, हेमा मालिनी और निशिकांत दुबे; वाईएसआरसीपी के पीवी मिधुन रेड्डी; शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल; तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा; तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले शामिल हैं।

### हेमा मालिनी की संपत्ति में 100 करोड़ से अधिक का इजाफा

वहीं, अभिनेत्री से राजनेता बनीं हेमा मालिनी की संपत्ति 2014 में 178 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 278 करोड़ रुपये हो गई है, यानी इसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत सिंह की संपत्ति 2014 में 25 करोड़ रुपये थी जो बढ़कर 2024 में 121 करोड़ रुपये हो गई है। शत्रुघ्न सिन्हा,की संपत्ति में 78 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। उनके पास 2014 में 131 करोड़ रुपये की संपत्ति थी।

# कुलपति के खिलाफ उबला छत्तीसगढ़, छात्र संगठन, साहित्यकार व नागरिक मंच विरोध में

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में हिन्दी साहित्यकार कथाकार मनोज रूपड़ा को अपमानित कर बाहर निकाले जाने के मामले को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई समेत नागरिक मंच व साहित्यकार सामने आ गए हैं। एनएसयूआई ने शुक्रवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी मेनगेट के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए कुलपति का पुतला फूंका, वहीं नागरिक मंच और साहित्यकारों ने जिला प्रशासन को कुलाधिपति राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रो. आलोक चक्रवाल को कुलपति पद से हटाए जाने की मांग की है।

## एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी के सामने कुलपति का पुतला फूंका, साहित्यकारों व नागरिक मंच ने की हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में साहित्य अकादमी नई दिल्ली एवं हिन्दी विभाग गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में समकालीन हिन्दी कहानीः बदलते जीवन संदर्भ पर राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा साहित्यकार कथाकार मनोज रुपड़ा को अपमानित करते हुए कार्यक्रम से बाहर निकाले जाने के मामले ने काफी तूल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस के विधायक अटल श्रीवास्तव ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कुलपति को हटाने और उनके खिलाफ जांच की मांग की है। वहीं शुक्रवार को एनएसयूआई ने गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी मेनगेट के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल का पुतला दहन किया। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने बताया कि यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम दौरान कुलपति द्वारा असहमति व्यक्त करने पर एक वरिष्ठ साहित्यकार को सार्वजनिक रूप से अपमानित कर कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया गया। यह आचरण न केवल यूनिवर्सिटी की गरिमा के खिलाफ है बल्कि भारतीय संस्कृति की अतिथि देवो भवः परंपरा का भी घोर उल्लंघन है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कुलपति के कार्यकाल में यूनिवर्सिटी में लगातार शैक्षणिक अराजकता, प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं। छात्रों की सुरक्षा में चूक, फीस में निरंतर वृद्धि, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितता और छात्र अर्सलान अंसारी की मृत्यु जैसे प्रकरणों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।



### नागरिक मंच ने की भर्त्सना

नागरिक मंच बिलासपुर से जुड़े लोगों ने आज कलेक्टोरेट पहुंचकर कुलपति आलोक चक्रवाल के अमर्यादित आचरण की निंदा करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि साहित्य अकादमी तथा गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एकदिवसीय परिसंवाद में आमंत्रित साहित्यकार मनोज रूपड़ा के साथ अत्यंत निंदनीय व्यवहार करते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल से बाहर कर दिया। यह कृत्य अक्षम्य है एवं बिलासपुर की परंपरा पर प्रहार है। हम सब नागरिक कुलपति के इस कृत्य की भर्त्सना करते हैं और उन्हें पद से मुक्त करने की मांग की है।

### साहित्यकारों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

इस मामले में आज बिलासपुर के साहित्यकार, लेखकों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिला प्रशासन को कुलाधिपति राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समकालीन हिन्दी विषय पर आयोजित परिसंवाद कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि कथालेखक मनोज रूपड़ा को कुलपति आलोक चक्रवाल द्वारा कार्यक्रम से अपमानपूर्वक चले जाने को कहा गया। आमंत्रित अतिथि को आयोजक द्वारा अपमानित किए जाने की घटना से देश के समूचे लेखकों और साहित्यकार संस्कृतिकर्मियों में रोष व्याप्त है। गुरु घासीदास जैसे शैक्षणिक संस्थान में अमर्यादित असंसदीय व्यवहार करने से कुलपति पद की गरिमा धूमिल हुई है। इसलिए राष्ट्रपति घटना का संज्ञान लेते कुलपति को बर्खास्त किए जाने की अनुशंसा करें।

## खबर संक्षेप

### कार्रवाईः नकली यूरिया जब्त, आरोपी फरार



**चिचोला।** नकली यूरिया बिक्री करने की सूचना पर चिचोला व साइबर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है। इस मामले में मुख्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी मंगल पांडे पिता उर्वादत्ता पांडे 52 वर्ष निवासी दीप्ती स्काई सिटी ओल्ड अंबरनाथ गांव प्लैट नं.-101 नीलगिरी बिल्डिंग अंबर नाथगांव थाना शिवाजी नगर जिला थाणे महाराष्ट्र ने पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पाटेकोहरा में जुम्मन ढाबा के बाजू बिल्डिंग में जुम्मन खान द्वारा अवैध लाभ प्राप्त करने हेतु महिन्द्रा ऑयल टाटा मोटरर्स एवं गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट इंडियन लिमिटेड के कंपनी का डीईएफ यूरिया को नकली डुप्लीकेट होलोग्राम एवं स्टीकर लगाकर बेचा जा रहा है एवं अवैध लाभ प्राप्त किया कर रहा है। रेड कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी जुम्मन खान मौके पर उपस्थित नहीं मिला एवं आरोपी ईशु यादव पिता चंद्रशेखर यादव 19 साल पता महोबा आलमपुरा थाना महोबा जिला महोबा उत्तरप्रदेश के कब्जे से कुल 147 बकेट में 20-20 लीटर का कुल डीईएफ यूरिया 2940 लीटर कुल जुमला 01,92,085 ( एक लाख 92 हजार 85 रुपए) का मिला।

### राज्यपाल रमन डेका ने कराया प्रारंभ, 33 राज्यों के 11696 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

# देश का पहला रोवर रेंजर जंबूरी शुरू दिखेगा कला और कौशल का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम दूधली में को प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने किया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, भारत स्काउट्स गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल, राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जंबूरी का आयोजन 13 जनवरी तक होगा। देश के इतिहास में राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का पहला आयोजन है, जिसकी मेजबानी का गौरव छत्तीसगढ़ राज्य के बालोद जिले को प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर राज्यपाल डेका एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं आसमान में गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह में राज्यपाल एवं अतिथियों द्वारा जंबूरी पत्रिका एवं नए बैज का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मेजबान छत्तीसगढ़ के रोवर रेंजरों के पारंपरिक एवं सुआ गीत तथा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सुमधुर एवं नैनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। डेका ने जंबूरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जंबूरी के शिविर में प्रतिभागी युवा–युवती कला, साहसिक गतिविधियां, लोककलाएं, नेतृत्व मंच और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के माध्यम से केवल कौशल ही नहीं अपितु सहानुभूति सहयोग और पारस्परिक सम्मान भी सीख उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़वासियों का सहज, सरल स्वभाव हम सभी के दिलों को छूता है।



### पांच दिनों तक होंगे विविध कार्यक्रम

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस इस 5 दिवसीय आयोजन में देश के सभी राज्यों के अलावा रेलवे, नवोदय विद्यालय सहित कुल 33 राज्यों के लगभग 11,696 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। राज्य से सर्वाधिक 4,252 रोवर-रेंजर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। स्टाफ अधिकारियों और विदेशी प्रतिभागियों सहित 14 हजार से अधिक लोग इस ऐतिहासिक मिलन का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान विविध आयोजन होंगे।



### पहली बार 16 से 25 वर्ष आयु तक के लिए आयोजन

अब तक केवल स्काउट-गाइड जंबूरी का ही आयोजन होता रहा है। लेकिन यह पहली बार है जब 16 से 25 आयु वर्ग के युवाओं बालक वर्ग - रोवर एवं बालिका वर्ग - रेंजर के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इस जंबूरी का आयोजन किया जा रहा है।



### आज केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन होंगे शामिल

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के अंतर्गत शनिवार 10 जनवरी को आयोजित द्वितीय दिवस समारोह में आवास एवं शहरी मामलों के केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में लोककलाकार डोमर सिंह कंवर, भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन, भारत स्काउट जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, भारत स्काउट गाइड के कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, जनपद सदस्य कौशल्या रावटे, ग्राम पंचायत दुधली उप सरपंच मोहित देशमुख उपस्थित रहेंगे।

### बलरामपुर के बसकेपी स्कूल का मामला

# प्राचार्य ने 9 माह की गर्भवती व्याख्याता के पेट में मारे घूंसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर जिले के बसकेपी स्कूल में प्राचार्य द्वारा गर्भवती शिक्षिका से मारपीट का मामला सामने आया है। प्राचार्य ने ना सिर्फ 9 माह की गर्भवती व्याख्याता के साथ गाली गलौज की बल्कि उसके पेट में भी घूंसे मारे। शिक्षिका के साथ इस तरह की अभद्रता और अमानवीय व्यवहार करने को लेकर अब शिक्षकों में आक्रोश है।

महिला शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। घटना की निंदा करते हुए टीचर्स एसोसिएशन ने भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि श्रीमती अनिमा लकड़ा बलरामपुर जिले के बसकेपी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भूगोल के व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं। शिक्षिका का आरोप है कि 6 जनवरी को उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से एक दिन का आकस्मिक अवकाश लिया था और 7 जनवरी को वे सुबह 10 बजे से पहले ही स्कूल पहुंच गई थी।

■ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

### की जाएगी कार्रवाई

इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने पर विवेचना उपरान्त सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**-वैभव बैंकर**
एसपी, बलरामपुर

### चल रही जांच

शिक्षिका से मारपीट के मामले में बीईओ को जांच के निर्देश दिए हैं। बीईओ की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-मनीराम यादव**
डीईओ

### टीचर्स एसोसिएशन ने की कार्रवाई की मांग

इस पूरी घटना के दौरान मौके पर अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। एक गर्भवती शिक्षिका से मारपीट किए जाने का मामला सामने आने के बाद शिक्षकों में रोष का माहौल है। इस घटना को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने भी कड़ी निंदा की है। संघ के बलरामपुर जिला अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व शिक्षकों ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्राचार्य मंगना राम द्वारा गर्भवती व्याख्याता के साथ गाली गलौज और मारपीट कर मानवता को तार-तार किया है। 9 माह की गर्भवती महिला से ऐसा अमानवीय कृत्य क्षमा योग्य नहीं है। संघ ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषी प्राचार्य के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई और निलंबन की मांग की है ताकि भविष्य में जिले में इस तरह के कृत्य की पुनरावृत्ति न हो।

### पुलिस ने बायफ्रेंड के साथ झारखंड में पकड़ा

# भतीजी ने रची साजिश, साथियों के साथ सोने के बिस्किट व लाखों किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जिला पुलिस ने लाखों की चोरी का खुलासा किया है। आईफोन खरीदने की चाह में भतीजी ने अपने प्रेमी और साथियों के साथ मिलकर बड़े पापा के घर से नकदी, जेवर और सोने के बिस्किट चोरी की। चोरी की रकम से लग्जरी कार खरीदी और पार्टियां की गईं। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 51.82 लाख का माल बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 6 दिसंबर 2025 को सुषमा निकुंज ने थाना नारायणपुर में चोरी का केस दर्ज कराई। अपनी रिपोर्ट उन्होंने बताया कि उनके पुराने मकान केराडीह-रैनीडांड में रखे दीवान के अंदर अटैची से लगभग 15 लाख रुपये नकद, सोने की बिस्किट और अन्य जेवरात चोरी हो गए। इतनी बड़ी चोरी की बात सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस ने थाना नारायणपुर में आरोपी भतीजी मिनल निकुंज, अनिल प्रधान व उनके 6 अन्य साथियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 331 (4), 305 (A) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया था। सभी आरोपी घटना दिनांक से ही फरार थे, पुलिस के द्वारा लगातार उनकी पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मिनल निकुंज व उसका बॉयफ्रेंड आरोपी अनिल प्रधान रांची झारखंड के एक हॉटल में रुके हुए हैं।



### बाकी आरोपी भी जल्द गिरफ्त में होंगे : एसपी

एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि चोरी के इस बड़े मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पांच आरोपियों को जेल भेजा है। अन्य फरार आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया गया है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### जब्त सामान

पुलिस ने एक हरियर कार, 1 सोने का कड़ा, 100 ग्राम, 50 ग्राम व 20 ग्राम के सोने के तीन बिस्किट, 1 मंगलसूत्र, 86,300 रुपए नकद व 1 आई फोन, 4 एंड्रॉयड फोन सहित 5 मोबाइल फोन को जब्त किया गया है। कीमत 52 लाख है। **गिरफ्तार आरोपी:** मिनल निकुंज, अनिल प्रधान, अभिषेक इंद्रवार, लंकेश्वर बड़ाईक उम्र 35 वर्ष निवासी कोंडरा थाना सुरसांग जिला गुमला झारखंड, अलीशा भगत उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम बाधर कोना।

### पुलिस की सटीक तफ्तीश, रांची से गिरफ्तारी

चोरी सामने आने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। जशपुर पुलिस ने साइबर सेल और मुखबिरों की मदद से उनकी लोकेशन ट्रेस की। आखिरकार प्रेमी जोड़े को रांची के एक होटल से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पूरी साजिश का खुलासा हुआ, जिसके बाद एक-एक कर अन्य आरोपियों को भी दबोचा गया।

## दो तस्कर हिरासत में, 12.80 लाख की नशीली टेबलेट बरामद

**जगदलपुर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने बीते 24 घंटे में नशीली टेबलेट के खिलाफ बेचे जाने वाले तस्करों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 12.80 लाख रुपए से अधिक कीमत की नशीली टेबलेट बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नशे की टेबलेट बेचे जाने की सूचना पर एसपी बस्तर शलभ कुमार सिन्हा के दिशा निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमीत कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। नशे के खिलाफ पहली कार्रवाई बैलाबाजार इलाके में की है। यहां नशीली टेबलेट बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार करते एक महिला आरोपी जुगबाई उर्फ रीता चौधरी 57 साल निवासी बैलाबाजार को गिरफ्तार किया गया।

# तेज रफ्तार कार हाइवा से टकराई, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

तेज रफ्तार कार साइड छोड़कर हाइवा से जा टकराई। हादसे में 3 युवक और 1 युवती बुरी तरह से घायल हो गए, इलाज के दौरान युवती और एक युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि युवती सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्रा और सभी पब से निकले थे। मृत युवक एमसीए की पढ़ाई कर चुका था। गुरुवार की दरमियानी रात सरकंडा नूतन चौक में हुआ। कार में नीरज द्विवेदी, अंशु चंद्रा, आनंद चंद्रा और हिमांशु राठौर सवार थे। कार नीरज चला रहा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। और लोगों ने पुलिस को सूचित किया था। कार के दरवाजे में युवती अंशु फंस गई थीं। जिसका दूसरी कार से टोचन कर दरवाजा उखाड़ गया। लड़की व 3 घायल युवकों को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने अंशु चंद्रा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो घायलों का इलाज जारी था। शुक्रवार इलाज के दौरान घायल हिमांशु राठौर ने भी दम तोड़ दिया। जबकि एक का इलाज अभी भी जारी है। चालक युवक नीरज द्विवेदी को सरकंडा पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया है। दुर्घटनाकारित करने वाला हाइवा चालक फिलहाल फरार है। वहीं घायल आनंद चंद्रा को सिम्स के बाद अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।



### ठाकरे परिसर में भाजपा की कल कार्यशाला, इसमें तय होगी जनजागरण की रूपरेखा

# वीबी जी राम जी पर भाजपा का जनजागरण, कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार की वीबी जी राम जी योजना को लेकर एक तरफ जहां भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में जन जागरण अभियान चलाने का फैसला किया है, वहीं कांग्रेस का राष्ट्रीय संगठन इसको लेकर देशभर में आंदोलन करने वाला है। भाजपा का प्रदेश संगठन 11 जनवरी को यहां पर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यशाला कर रहा है। इसके बाद प्रदेशभर में सम्मेलन होंगे। इन सम्मलनों में जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर सभी मंत्री, विधायक, सांसद और प्रदेश के भाजपा नेता रहेंगे, वहीं कांग्रेस का भी 11 जनवरी से आंदोलन प्रारंभ हो रहा है। इसके एक दिन पहले 10 जनवरी को जिला स्तर पर अभियान के औपचारिक शुभारंभ के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।

केंद्र सरकार ने मनरेगा के स्थान पर अब वीबी जी राम जी योजना प्रारंभ की है। इसको लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। इस योजना का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। ऐसे में अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने इस योजना को लेकर देश के सभी राज्यों में जन जागरण अभियान चलाने का फैसला किया है। राज्यों में इसके लिए टीम भी बनाई गई है। छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश टोली का गठन किया गया है। इसका प्रदेश संयोजक प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन को बनाया गया है। इसी के साथ सदस्य भी बनाए गए हैं।

### कांग्रेस का आंदोलन

कांग्रेस के आंदोलन का प्रदेश में 11 जनवरी से प्रारंभ होगा। इस दिन एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध जिला मुख्यालयों या प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर होगा। जैसे महात्मा गांधी या डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमाओं के पास, पार्टी नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों और मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय उपवास किया जाएगा। 12 से 29 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तर की चौपालें और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस चरण में कांग्रेस अध्यक्ष तथा नेता प्रतिपक्ष के पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रावधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही विधानसभा स्तर पर नुक्कड़ सभाएं और पर्चा वितरण भी किया जाएगा। 30 जनवरी को वार्ड और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अहिंसा, संवैधानिक मूल्यों और काम के अधिकार पर जोर दिया जाएगा।



### भाजपा करेगी पंचायत स्तर से सम्मेलन

एक तरफ जहां प्रदेश सरकार वीबी जी राम जी को लेकर अपनी तरफ से अभियान चलाएगी, वहीं प्रदेश भाजपा संगठन ने भी प्रदेश भर में आयोजन करने की कार्ययोजना तैयार की है। इस कार्ययोजना के मुताबिक जिला पंचायत स्तर के साथ जनपद स्तर पर सम्मेलन करने के साथ ही सरपंचों का भी सम्मेलन किया जाएगा। अलग-अलग स्थानों में होने वाले सम्मेलनों में प्रदेश के मंत्री भी जाएंगे। इसी के साथ सम्मेलनों में विधायक, सांसद भी जाएंगे। कुछ सम्मेलनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी जाएंगे। भाजपा के राष्ट्री नेता भी सम्मेलनों में आएंगे। इन सम्मेलनों में बताया जाएगा कि केंद्र सरकार जो नई योजना लाई है वह योजना मनरेगा से ज्यादा अच्छी है। मनरेगा योजना की कमियों के साथ नई योजना की खासियतों के बारे में सभी को बताया जाएगा कि इस योजना के लागू होने के किस तरह से फायदा होगा।

रायपुर
शनिवार 10 जनवरी 2026
माघ कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 24, अंक : 171
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 27.5
न्यून. 11.4



04 शनाया खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

विचार पेज
02 बंगाल में बढ़ती राजनीतिक




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथपुरी में अब लगेगा 500 रुपये पार्किंग शुल्क




**पुरी।** पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने अपने अतिथि गृहों में श्रद्धालुओं की चार पहिया वाहनों के लिए 500 रुपये पार्किंग शुल्क लगाने का फैसला किया है। जिसका पर्यटकों, और राजनीतिक दलों के नेताओं ने विरोध किया है। एक अधिसूचना में एसजेटीए ने कहा कि उसके चार 'भक्त निवास' में ठहरने वाले अतिथियों को 24 घंटे के लिए चार पहिया वाहन खड़ा करने पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगी।

### सौराष्ट्र में भूकंप के 12 झटके, कोई हताहत नहीं

**राजकोट।** गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात से शुक्रवार अपराह्न के बीच भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.6 से 3.8 के बीच रही। भूकंप के कम से कम 12 झटके महसूस किए गए।भूकंप के कारण राजकोट जिले के तीन तालुकों के लोगों में दहशत फैल गई, जिसके चलते कई लोगों ने एहतियात के तौर पर खेतों में शरण ली। राजकोट के जिलाधिकारी ओम प्रकाश ने कहा कि जिले में कहीं जनधन हानि नहीं हुई।

### बांधवगढ़ में दूसरे दिन भी मिला एक और बाघ मृत

**उमरिया।** मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य के भीतर एक कुएं में बाघ का शव मिला है। उन्होंने बताया कि अभयारण्य में पिछले दो दिनों में बाघ की मौत का यह दूसरा मामला है। इससे पहले बुधवार को बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य के कथली बीट क्षेत्र में एक मादा बाघ शावक का शव मिला था। इसके किसी जंगली जानवर से संघर्ष के बाद मारे जाने की आशंका जताई गई थी। अधिकारी के अनुसार, कल शाम धमोखर रेंज के अंतर्गत रायपुर क्षेत्र के कुदरी टोला गांव में स्थित कुएं में एक वयस्क बाघ का शव पाया गया।



सात नक्सलियों पर 8-8 लाख तथा 7 पर 5-5 लाख का था ईनाम

# दंतेवाड़ा में 63 नक्सलियों ने छोड़ी हिंसा, एक करोड़ से ज्यादा के इनामी, इनमें 18 महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दंतेवाड़ा

जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में इस वर्ष का नक्सलियों के सबसे बड़े ग्रुप ने समर्पण किया, इन पर 1.19 करोड़ रुपए से अधिक का ईनाम घोषित था। समर्पण नक्सलियों 18 महिला व 45 पुरुष नक्सली शामिल हैं। एसपी गौरव राय ने बताया कि शुक्रवार को पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के अंतर्गत कुल 63 माओवादी कैडर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए, इनमें 36 इनामी भी शामिल हैं। आत्मसमर्पित माओवादी दरभा डिविजन, दक्षिण बस्तर, पश्चिम बस्तर, माड़ व ओडिशा राज्य में सक्रिय होकर नक्सल संगठन के लिए काम करते थे।

आत्मसमर्पित माओवादियों में 8 लाख के इनामी 7 के अलावा 5 लाख के 7, 2 लाख के 8, 1 लाख के 11 एवं 50 हजार के 3 इनामी माओवादी कैडर समेत कुल 1 करोड़, 19 लाख, 50 हजार रुपए के इनामी नक्सलियों ने समर्पण किया है। एसपी ने कहा कि भारत सरकार, छग शासन, दन्तेवाड़ा पुलिस, सीआरपीएफ तथा स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में शांति स्थापना, पुनर्वास सुनिश्चित करने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। सभी ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर की, जिसका स्वागत करते हुए मुख्यधारा में शामिल किया गया। इस दौरान एसपी गौरव राय, डीआईजी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज राकेश चौधरी, कमांडेंट 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ गोपाल यादव, कमांडेंट 195वीं वाहिनी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### समर्पित नक्सली इन घटनाओं में थे शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों में 8-8 लाख के ईनामी डीवीसीएम मोहन कड़ती वर्ष 2005 में ग्राम बेचापाल नाला के पास एम्बुश लगाकर 2 जवान को शहीद करने, वर्ष 2009 में सलवा जुडूम कार्यकर्ता चितरंजन भास्कर, वर्ष 2010 में सलवा जुडूम कार्यकर्ता सोमलू ओयाम की हत्या करने, वर्ष 2011 में रेल्वे पटरी को उखाड़ने, वर्ष 2023 में भांसी बंगाली बस्ती के पास वाहनों को आगजनी करने की घटना एवं वर्ष 2025 में थाना फरसेगढ़ अन्तर्गत ग्राम नेलमाड़ू के जंगल में हुए पुलिस मुठभेड़ में था शामिल। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### भटके हुए युवा राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझें

माओवादी कैडरों को अब यह समझ में आ रहा है कि हिंसा का रास्ता केवल पीड़ा, असुरक्षा और समाज से अलगाव की ओर ले जाता है, जबकि पुनर्वास उन्हें गरिमापूर्ण जीवन, सुरक्षा और बेहतर भविष्य प्रदान करता है। बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बल शांति स्थापना, प्रभावी पुनर्वास और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। माओवादियों से अपील करते है कि वे हिंसा का मार्ग त्यागकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझें।

-सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर

### बंदूक नहीं, संवाद और विकास ही स्थायी समाधानः साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों के समर्पण पर कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की स्पष्ट, बहुआयामी सुरक्षा एवं विकास रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रमाण है कि "बंदूक नहीं, संवाद और विकास ही स्थायी समाधान हैं।" श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशील पुनर्वास नीति, सटीक सुरक्षा रणनीति और सुशासन आधारित प्रशासनिक दृष्टिकोण के कारण नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। माओवादी नेटवर्क का प्रभावी विघटन हो रहा है और बस्तर के सुदूर अंचलों में अब तेजी से सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच ▶▶|शेष पेज 7 पर

कोर्ट से याचिका खारिज

## 45 लाख की धोखाधड़ी में विधायक बालेश्वर को जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

किसान से साढ़े 42 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी के आरोप में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। दरअसल, तीन माह पूर्व चांपा पुलिस ने विधायक बालेश्वर और उसके एक साथी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था, जिसमें सीजेएम कोर्ट में चालान पेश किया गया। यहां विधायक के रेगुलर बेल के आवेदन को खारिज करते हुए न्यायालय ने उसे जेल दाखिल करने के आदेश दिए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरसवानी निवासी राजकुमार शर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीते 3 अक्टूबर को जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू और उसके साथी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### शाखा प्रबंधक रहते धोखाधड़ी करने का आरोप

पुलिस के मुताबिक प्रार्थी राजकुमार शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया था कि वर्ष 2015 से 2020 के बीच बम्हनीडीह सेवा सहकारी समिति के तत्कालीन प्रबंधक ने उसकी 50 एकड़ जमीन के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड लोन लेने की सलाह दी। बताया जाता है कि इसके बाद किसान क्रेडिट कार्ड से रुपए निकलवाने एचडीएफसी बैंक चांपा में खाता खुलवाया। इसी दौरान तत्कालीन शाखा प्रबंधक आरोपी बालेश्वर साहू और उसके साथी गौतम राठौर ने प्रार्थी से ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद प्रार्थी और ▶▶|शेष पेज 7 पर

अब राजधानी क्षेत्र के विकास की राह होगी आसान

## एससीआर संचालक मंडल के सीएम अध्यक्ष तीन मंत्री, सीएस सदस्य, अब होंगे फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संचालक मंडल में सीईओ का नाम अभी तय नहीं



अलग खबर

छत्तीसगढ़ में स्टेट कैपिटल रीजन यानी एससीआर के गठन के सिलसिले में एक और निर्णायक कदम उठाया गया है। राज्य सरकार के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल का गठन कर लिया है। राज्य के मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण में संचालक मंडल के अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके साथ ही सरकार के तीन मंत्री, मुख्यसचिव भी संचालक मंडल में शामिल हैं। खास बात ये है कि अब संचालक मंडल की बैठकें हो सकेंगी और एससीआर निर्माण को लेकर फैसले और क्रियान्वयन की राह आसान होगी। सरकार से जारी आदेश छत्तीसगढ़ में एससीआर के गठन की प्रक्रिया का ये एक अहम और अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव है। जानकारों के अनुसार अब नया राजधानी क्षेत्र विकास में विकास की प्रक्रिया तेज होगी। इस संबंध में राज्य सरकार के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने 9 जनवरी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मुख्यमंत्री अध्यक्ष तीन मंत्री और सीएस सदस्य

एससीआर का संचालक मंडल में मुख्यमंत्री अध्यक्ष बनाए गए हैं। संचालक मंडल के सदस्य के रूप में तीन मंत्री शामिल हैं। इनमें मंत्री आवास एवं पर्यावरण विभाग, सदस्य, 3 मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सदस्य, मंत्री लोक निर्माण विभाग सदस्य है। इसी क्रम में प्रशासनिक अधिकारी सदस्य के रूप में राज्य सरकार के मुख्य सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग के भारसाधक सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भारसाधक सचिव, लोक निर्माण विभाग के भारसाधक सचिव,सदस्य, वित्त विभाग के भारसाधक सचिव सदस्य के रूप में शामिल किए हैं। इसके साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी,सदस्य-संयोजक बनाए गए हैं।

### प्राधिकरण के सेटअप को पहले ही मंजूरी

एससीआर के संचालक मंडल का गठन होने के पहले ही प्राधिकरण का 210 अधिकारियों कर्मचारियों का सेटअप पहले ही मंजूर किया जा चुका है। इस संबंध में आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र के योजना, समन्वय, पर्यवेक्षण, प्रोत्साहन एवं विकास को सुनिश्चित करने तथा उसके संबंध या आनुषंगिक विषयों के संबंध में निर्णय हेतु छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई है। राज्य शासन छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सेटअप के लिए कुल 210 पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान करता है।




अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने कहा था मोदी ने ट्रंप को कॉल नहीं किया

## अमेरिकी मंत्री का दावा खारिज, भारत ने कहा 2025 में 8 बार हुई पीएम मोदी और ट्रंप की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर उपजे विवाद पर विदेश मंत्रालय ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच दोस्ताना संबंध हैं और उन्होंने हमेशा राजनयिक नियमों के अनुसार एक-दूसरे को आपसी सम्मान के साथ संबोधित किया है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के उस दावे को भारत ने सटीक नहीं बताया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप से सीधे बात न करने के कारण समझौता नहीं हो सका।

बता दें कि लुटनिक के इस बयान के बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि क्या अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% के भारी टैरिफ का कारण व्यापारिक हितों के बजाय ट्रंप की व्यक्तिगत नाराजगी है। दावों के अनुसार, पीएम मोदी द्वारा व्यक्तिगत हस्तक्षेप न करने को ट्रंप ने 'अपमान' के रूप में देखा और इसी के चलते भारत पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए। वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा भारत दोनों पूरक अर्थव्यवस्थाओं के बीच संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते के लिए प्रतिबद्ध है।




### हम संतुलित समझौते के बेहद करीब : जायसवाल

विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, यह कहना सही नहीं है कि बातचीत किसी व्यक्तिगत संवाद की कमी की वजह से रुकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 2025 में अब तक आठ बार फोन पर बातचीत हो चुकी है। दोनों पक्ष पिछले साल फरवरी से कई दौर की बातचीत कर चुके हैं और हम एक संतुलित समझौते के बेहद करीब हैं।

## चिंतन

# अमेरिका ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतरा

भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर बिलबिला रहा अमेरिका अब ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतर आया है। अमेरिका लगातार भारत को लेकर गलत बयानबाजी कर रहा है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाना किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी बयानबाजियों से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। हालांकि भारत लगातार संयमित तरीके से जवाब दे रहा है। अब अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ ट्रेड डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है, बल्कि इसका कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना है। इस मामले से जुड़े जानकार इसे ट्रम्प के 'ईगो' से जोड़कर देख रहे हैं। वह मान रहे हैं कि ट्रम्प निजी तौर पर कॉल की उम्मीद कर रहे थे, जो भारतीय प्रधानमंत्री ने नहीं की। उधर, भारत ने अमेरिकी मंत्री के बयान को झूठा और गलत बताते हुए इसका कड़ा जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट ट्रम्प 2025 में 8 बार फोन पर बात कर चुके हैं। 'भारत और अमेरिका 13 फरवरी 2025 से बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहे हैं। कई राउंड नेगोशिएशन हो चुके हैं और कई बार हम डील के करीब पहुंचे हैं। भारत बेनिफिशियल ट्रेड डील पर आगे बढ़ना चाहता है। मोदी-ट्रम्प की 8 बार बातचीत से साफ है कि लीडरशिप लेवल पर वार्ता जारी है। ट्रंप ने लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है, लेकिन भारत ने अपने रुख पर कायम रहते हुए अमेरिका को जवाब दिया है। अमेरिका के इस कदम को कई विश्लेषकों ने दबाव की कूटनीति करार दिया है। उनका मानना है कि ट्रंप भारत को रूस और ईरान से दूरी बनाने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भी भारत ने कहा कि 'एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर है। हम ग्लोबल मार्केट के बदलते डायनामिक्स और अपने 1.4 अरब भारतीय लोगों की एनर्जी सिक्योरिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग सोर्स से सस्ती एनर्जी हासिल करने की जरूरत से गाइड होते हैं। भारत की ऊर्जा नीति किसी दबाव में नहीं बदलेगी। हमारा ध्यान इस बात पर है कि भारत के लोगों को सस्ती ऊर्जा मुहैया कराई जाए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए दुनियाभर के बाजारों पर नजर बनाए हुए है। जहां से सस्ती चीजें मिलेंगी, हम उन पर काम करते रहेंगे'। भारत ने साफ कहा कि टैरिफ के मसले पर हम अपने हितों के साथ कतई समझौता नहीं करेंगे। अमेरिका चाहता है कि ट्रेड डील उसकी शर्तों पर हो, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। बता दें कि लुटनिक के बयान को अमेरिका का दबाव बनाने का तरीका माना जा रहा है। अमेरिका भारत को रूस और चीन से दूरी बनाने के लिए मजबूर करना चाहता है। ट्रेड डील का मामला राजनीति में उलझ गया है। अमेरिका अपने हितों को प्राथमिकता देना चाहता है, जबकि भारत अपने हितों को बचाना चाहता है। भारत ने अमेरिका के दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह अपने हितों के अनुसार निर्णय लेगा। ट्रेड डील का मामला वैश्विक व्यापार को भी प्रभावित कर सकता है। अगर अमेरिका और भारत के बीच डील नहीं होती है तो इसका असर अन्य देशों पर भी पड़ सकता है।



एसआईआर
शशिधर खान

# बंगाल में बढ़ती राजनीतिक तकरार

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाने के कारण बढ़ी है। इसमें मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव करीब आ रहा है, लगभग सीधी टकराव की नौबत आती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (दीदी) समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। बिहार में भी चुनाव आयोग ने वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और सहयोगी कांग्रेस वाम दलों के एसआईआर विरोध के बीच गत वर्ष कराया। कोर्ट में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई और मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया मतदान शुरू होने के समय तक टलती रही। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू) और भाजपा गठजोड़ को भारी ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद राजद-कांग्रेस का चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप वहीं सीमित रह गया।

अभी वही स्थिति पश्चिम बंगाल और केरल में पैदा हो गई है। इस वर्ष अप्रैल-मई में पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, जिनमें इन दोनों विधान सभाओं के अलावा असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी भी हैं लेकिन एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा से तनातनी में पहले नंबर पर पश्चिम बंगाल है। दूसरे नंबर पर केरल है। इन दोनों राज्यों में भी एसआईआर बिहार की तरह जून, 2025 में शुरू होने के समय से ही विवादित है। केंद्र में तो भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठजोड़ सरकार है ही, पश्चिम बंगाल विधान सभा में भाजपा मुख्य विपक्षी दल है। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के कारण बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) दोहरी मार झेल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में यह राजनीतिक विवाद अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है कि आए दिन राज्य सरकार, तृणमूल कांग्रेस नेता और चुनाव आयोग एक-दूसरे को चुनौती देने वाला बयान आए दिन जारी कर रहे हैं। 3 जनवरी को एसआईआर विवाद उस समय गहरा गया, जब चुनाव आयोग ने पांच चुनाव कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इन कर्मियों को निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान गणना पत्र वितरण और उसे इकट्ठा करने में कथित अनियमितता का दोषी पाया है। यह तब हुआ जब 31 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात हुई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बातचीत का माहौल अच्छा नहीं था। मुलाकात के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारी, मतदाता सूची अधिकारी, पर्यवेक्षक समेत एसआईआर के काम में लगे किसी भी कर्मचारी को राजनीतिक प्रतिनिधियों द्वारा डराया/धमकाया जाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 04 नवंबर से बंगाल



में एसआईआर प्रक्रिया शुरू हुई और उस महीने भी तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला था। उस वक्त अन्य राज्यों से भी बीएलओ की आत्महत्या, मौतों की खबरें आ रही थी और हर जगह काम का अत्यधिक दबाव कारण बताया गया। सुप्रीम कोर्ट के कहने पर चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण, मसौदा सूची और अंतिम मतदाता सूची की डेडलाइन तारीखें बढ़ाई लेकिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं को सीइसी ने नवंबर में बीएलओ पर दबाव का कारण दूसरा बताया। सीइसी के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं और खासकर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ तथा अन्य एसआईआर कर्मियों को धमकी दी कि मृत मतदाताओं, अन्यत्र चले गए और एक से ज्यादा जगहों पर नाम दर्ज मतदाताओं का नाम सूची से हटाने की अनुशंसा न भेजें। उस सिलसिले में चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्देश दिया था कि बीएलओ लोगों को पार्टी कार्यकर्ताओं से सुरक्षा प्रदान करें। चुनाव आयोग के एक अधिकारी के अनुसार चुनाव आयोग ने बूथ स्तरीय अधिकारियों के लिए बढ़ाए गए मानदेय की राशि तत्काल मुहैया कराने के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार से आग्रह किया। उसके जवाब में टीएमसी सूत्रों ने चुनाव आयोग से कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री को राज्य का रोका गया 2 लाख करोड़ फंड जारी करने के लिए सीइसी ज्ञानेश कुमार को लिखना चाहिए।

चुनाव आयोग ने कथित लापरवाही के दोषी पांच बीएलओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया, उस दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा। चुनाव आयोग को लिखा गया दीदी का यह तीसरा पत्र है। मुख्यमंत्री ने आयोग को लिखा कि या तो मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर चल रहे झमेले को दूर करें या पश्चिम बंगाल में इसे रोकें। पत्र में दीदी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से एसआईआर प्रक्रिया में लाखों लोगों को पहले वोट डालने के संवैधानिक अधिकार से वंचित किया गया और फिर आपत्तियों/दावे प्रस्तुत करने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। सागर दीप में एक जनसभा में दीदी ने चुनाव आयोग को धमकी दी कि मतदाताओं को परेशान करना अगर बंद नहीं हुआ तो वे चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी। शीर्ष कोर्ट में पहले से ही एसआईआर पर सुनवाई चल रही है और चीफ जस्टिस सूर्यकान्त ने नए वर्ष के दिन कहा कि ऐसे संवैधानिक मामले निबटाने में तेजी लाने के लिए ज्यादा पीठों का गठन उनकी प्राथमिकता है। गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग का फोकस बांग्लादेशी घुसपैठिया पर है, जिनमें मुसलमान ज्यादा हैं। जहां तक बांग्लादेशी हिंदू समुदाय की नागरिकता का सवाल है, दीदी ने दोनों को मतुआ समुदाय की हालत की ओर ध्यान दिलाया।

उत्तरी 24 परगना और नादिया जिले के 15 चुनाव क्षेत्रों में मतुआ समुदाय की आबादी है, जो बांग्लादेश से आकर बसे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान इनका भविष्य अधर में लटका है। चुनाव आयोग ने इनकी नागरिकता और मतदाता सूची से नाम हटाने का मामला लटकाकर रखा है। पश्चिम बंगाल में विवाद ज्यादा तूल पकड़ने का असली कारण दो है। पहला, 16 दिसंबर को प्रकाशित एसआईआर मसौदा सूची से कटे 58 लाख नाम में से सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भवानीपुर विधान सभा सीट प्रभावित हुई। दूसरा, काटे गए नाम में से पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, जो दीदी की पार्टी को अन्य की अपेक्षा ज्यादा पसंद करती हैं। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि मुसलमान महिला वोटरों को चुनाव आयोग ने बांग्लादेशी घुसपैठिया करार दिया।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विश्व हिंदी दिवस

डॉ. एस.डी. वैष्णव



# वैश्विक परिदृश्य में बढ़ता हिंदी का मान

विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य विदेशो में हिंदी के प्रचार-प्रसार और लोगों में हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना और हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना है। इस दिन विदेशों में भारतीय दूतावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 1975 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के सहयोग से नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया। साल 2006 में पहले विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगांठ के दौरान इस दिन को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी, तब से विश्वभर के कई देशों और खास करके भारतीय दूतावासों में साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विश्व हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

पिछले दो दशकों में वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रभाव बढ़ा है। हिंदी आज दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा लोकप्रिय भाषा बन गई है। भारत की आर्थिक वृद्धि और तकनीकी विकास ने हिंदी को एक वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर में रह रहे भारतीय समुदाय हिंदी को एक संपर्क भाषा के रूप में काम में ले रहे हैं, जिससे हिंदी का वैश्विक दायरा बढ़ा है। अमेरिका और यूरोप के कई देशों में हिंदी ने अपना वर्चस्व बढ़ाया है। मॉरीशस, सूरीनाम, फ़िजी, इंडोनेशिया, जापान, रूस आदि देशों में हिंदी और हिंदी सिनेमा के प्रभाव से भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण बनी हुई है। हिंदी सिनेमा के वैश्विक प्रभाव ने निःसंदेह रूप से भारतीय संस्कृति की गौरव गाथा को विश्व समुदाय के बीच जीवंत किया है। हिंदी अब सिर्फ भारत की भाषा नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद का एक माध्यम बन चुकी हैं, जिसने विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति एवं विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। हिंदी का प्रवासी देशों में व्यापक प्रभाव बढ़ा है। आज विश्वभर के कई देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है और वहां का पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध है। विदेशी विद्यार्थी हिंदी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह एक भाषा और संस्कृति की व्यापकता को दर्शाता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का विदेशों में जितना प्रचार-प्रसार हिंदी के माध्यम से हुआ, वह अन्य भाषा में संभव नहीं था। यह हिंदी के लिए गौरव का विषय है। मॉरीशस के हिंदी कवि बृजेंद्र कुमार भगत की कविता में हिंदी के प्रति आत्मिक अभिव्यक्ति कुछ इस तरह मुखरित होती हैं-

*"हिंदी गई रसातल में, तो गई हमारी आशा*
*संस्कृति सिसक-सिसक रोएगी, धर्म मरेगा प्यासा*
*हिंदी को कुचलेगी प्यारे गौरांगों की भाषा*
*राम, कृष्ण, गौतम, गांधी की सीख सदा अपनाएं*
*दुनिया के कोने-कोने में हिंदी सुमन खिलाएं*
*जय-जय-जय हिंदी के नारे विश्व सकल गुंजाएं।"*

विदेशों में हिंदी बोलना ही नहीं, बल्कि साहित्य दृष्टि से भी अध्ययन, अनुवाद और अनुसंधान बढ़ा है। विदेशों में कई संस्थान और प्लेटफॉर्म हिंदी सिखा रहे हैं। भारतीय संस्कृति, वैभव और आध्यात्मिक उन्नति ने विश्व परिदृश्य में हिंदी की प्रासंगिकता को और मजबूत किया है। जब पूरा विश्व भारत के साथ संबंध बनाने को उत्सुक है, ऐसे में भारत सरकार हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेशी यात्राओं में लगातार भारतीय समुदाय के साथ हिंदी में संवाद करते रहे हैं। विदेशों में हिंदी की स्थिति को और ज्यादा सुदृढ़ करने से पूर्व देश में हिंदी भाषा की जड़ें गहरे तक जमानी होंगी। हिंदी भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र का गौरव भी है। निःसंदेह रूप से वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की पहचान बनी है, लेकिन उसके प्रयोजनमूलक स्वरूप तथा उसकी स्वीकार्यता के लिए अधिक परिश्रम करना होगा, क्योंकि हिंदी राष्ट्र चेतना का प्रतीक और विश्व समन्वय की भाषा है। एक भाषा दूसरी भाषा को रचती है, लेकिन जो प्रश्न सालों से विश्व हिंदी दिवस के बहाने और उसके आस-पास उठते रहे हैं, उन पर चिंतन करने की भी आवश्यकता है।

हिंदी भाषा जो कभी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रही, वह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राजभाषा बन गई और राजभाषा अधिनियम के बाद मात्र संपर्क भाषा के रूप में पहचानी जाने लगी। आज तक हम इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिला पाए। हिंदी लोकतंत्र की भाषा है, लेकिन अंग्रेज भारत से जाते समय जो व्यवस्था पीछे छोड़ कर गए, हम उसी में उलझ कर रह गए। विश्व हिंदी दिवस के बहाने ही सही, एक साथ हम इस दिशा में आगे बढ़ें और वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ, हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
## दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।


# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### माइक्रो रोबोट ने लिखी सफलता की गाथा

नमक के एक दाने से भी छोटे माइक्रो रोबोट का विचार आज विज्ञान कथा नहीं रहा, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में आकार ले चुकी एक ठोस वास्तविकता बन चुका है, जहां नैनोमीटर स्तर की इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा-संचयन की नई तकनीकें मिलकर ऐसे यंत्र रच रही हैं जो अपनी सूक्ष्म काया के बावजूद निर्णय लेने, प्रतिक्रिया देने और लक्ष्य के अनुसार काम करने की क्षमता रखते हैं। यह माइक्रो रोबोट न केवल आकार में क्रांतिकारी है बल्कि सोच की दिशा में भी एक नया अध्याय खोलता है क्योंकि इसके भीतर समाहित अल्ट्रा-मिनी कंप्यूटर और संवेदनशील सेंसर इसे आसपास के वातावरण को समझने और उसी के अनुरूप व्यवहार करने में सक्षम बनाते हैं। – **विवेक भगत**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### बंगाल में कमल खिलेगा

राजनीतिक अहंकार के कारण किसी भी नागरिक को प्रधानमंत्री-जय योजना के लाभों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बंगाल का इंतजार लगभग खत्म हो गया है। कमल खिलेगा और प्रधानमंत्री-जय योजना जल्द ही हर घर तक पहुंचेगी।

**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**



### प्रवासी भारतीय दिवस

विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पहचान को गौरव के साथ स्थापित करने वाले समस्त प्रवासी भारतीय भाई-बहनों को प्रवासी भारतीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सभी अपने ज्ञान, अनुभव और सामर्थ्य से भारत के समावेशी, सतत और सर्वांगीण विकास में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें।

**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**



### राजकीय उत्सव

कोनासीमा के लोगों (जिन्होंने पीढ़ियों से इस परंपरा को संरक्षित रखा है) की भक्ति और आस्था का सम्मान करते हुए मंत्रिमंडल ने जगन्ना थोता प्रभाला तीर्थम को राजकीय उत्सव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है।"

**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**



### महिला सुरक्षा

मेरठ में दलित माँ की हुई हत्या तथा बेटी के अपहरण की घटना दुखद, शर्मनाक एवं चिन्तनीय। महिलाओं की इज़्ज़त-आबरू से खिलवाड़ और फिर हत्या आदि की घटनाओं को सरकार तत्काल सख़्त कार्रवाई करे।


**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**



## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष यात्री बीमार, नासा ने मिशन अवधि छोटी की

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जारी अपने मिशन की अवधि को छोटा कर दिया है। नासा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका-जापान-रूस का चार सदस्यीय दल पूर्वनियोजित समय से पहले ही कुछ दिनों में धरती पर लौट आएगा। एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण नासा ने इस वर्ष का अपना पहला 'स्पेसवॉक' रद्द कर दिया। अंतरिक्ष एजेंसी ने गोपनीयता का हवाला देते हुए अंतरिक्ष यात्री या उसकी स्वास्थ्य समस्या का खुलासा नहीं किया। हालांकि उसने कहा कि अब चालक दल के सदस्य की हालत स्थिर है। नासा के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेम्स पोल्क ने कहा कि नासा के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कोई आपातकालीन स्थिति नहीं थी, लेकिन वे ''चालक दल के सदस्य की सुरक्षा के लिए एहतियात बरत रहे हैं।'' पोल्क ने कहा कि यह अंतरिक्ष स्टेशन से नासा का पहला चिकित्सीय निकासी अभियान है। चार सदस्यीय दल अगस्त में 'स्पेसएक्स' के माध्यम से कक्षा की परिक्रमा कर रही प्रयोगशाला में पहुंचा था जिन्हें कम से कम छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था।



## ऑफ बीट

# तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत

भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा

# 'मेरा दिमाग़, मेरी नैतिकता ही मुझे रोक सकती है, और कोई नहीं


एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पत्नी समेत आधी रात बेडरूम से उठवा लेना, फिर ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी देना...ईरानी शासन को बार-बार हस्तक्षेप की चेतावनी देना, मैक्सिको, कोलंबिया को डराना...ये सब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही कर सकते हैं। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी दुनिया इधर से उधर कर रखी है और अब उन्होंने साफ सिग्नल भी दे दिया है कि 'अपुन ही भगवान है।' ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए वेनेजुएला के खिलाफ कारवाई की है और अब कह भी रहे हैं कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने कहा है कि उनकी शक्तियों पर केवल एक ही व्यक्ति रोक लगा सकता है और वो व्यक्ति ट्रंप खुद हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक नए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि वो अमेरिका के राष्ट्रपति हैं और इस पद के साथ आने वाली ताकत को एक चीज रोक सकती है, 'मेरी अपनी नैतिकता, मेरा अपना दिमाग। यही एक चीज है जो मुझे रोक सकती है।' लेकिन ट्रंप ने साथ ही कहा कि, 'मैं लोगों को नुकसान पहुंचाने की नहीं सोच रहा हूं।'

**अंतरराष्ट्रीय कानून की जरूरत से किया इंकार**

## अंतरराष्ट्रीय कानून पर यह कहा

अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने माना कि उनकी सरकार को ऐसा करना चाहिए, लेकिन फिर ट्रंप ने कहा, 'यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप अंतरराष्ट्रीय कानून को कैसे परिभाषित करते हैं।' ट्रंप ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब उनका प्रशासन ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने ग्रीनलैंड के स्वामित्व के महत्व पर भी जोर दिया। ट्रंप ने डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड के संबंध में कहा, 'स्वामित्व बहुत महत्वपूर्ण है। मनोवैज्ञानिक रूप से सफलता के लिए यही जरूरी होता है। स्वामित्व वह चीज देता है जो लीज या संधि से नहीं मिल सकती. किसी डॉक्यूमेंट पर साइन करने से वो तत्व हासिल नहीं होते जो स्वामित्व से मिलते हैं।'



## रूस-चीन को बढ़ावा देने के सवाल पर बोले ट्रंप

ट्रंप ने इस बात को भी खारिज किया कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने का उनका फैसला चीन और रूस के लिए मिसाल बनेगा। चीन ताइवान पर कब्जा चाहता है और रूस यूक्रेन पर नियंत्रण... माना जा रहा है कि ट्रंप के वेनेजुएला के खिलाफ कार्रवाई से दोनों देशों को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन ट्रंप ऐसा नहीं मानते। वेनेजुएला पर अमेरिकी हमलों को सही ठहराते हुए ट्रंप ने अपने विवादास्पद दावे दोहराए कि मादुरो ने कथित तौर पर अमेरिका में ड्रग्स गिरोह के लोगों को भेजा था। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह एक वास्तविक खतरा था चीन में लोग नहीं परेशान थे, न ही वहां ड्रग्स आ रहे थे। हमारे साथ जो बुरी चीजे हुईं, वैसी वहां नहीं थीं. ताइवान की जेलें नहीं खोली गई थीं और लोग चीन में नहीं आ रहे थे। रूस में भी कोई अपराधी नहीं जा रहा था।'

## चीन पर यह कहा

ट्रंप ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान पर कब्जा करेंगे। उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स से कहा, 'यह इस पर निर्भर करता है कि वो क्या करने वाले हैं। लेकिन मैंने उनसे यह साफ कर दिया है कि अगर उन्होंने ऐसा किया तो मुझे बहुत दुख होगा और मुझे नहीं लगता कि वो ऐसा करेंगे। मुझे उम्मीद है कि वो ऐसा नहीं करेंगे। हो सकता है कि वो किसी दूसरे राष्ट्रपति के कार्यकाल में ऐसा करें, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मेरे राष्ट्रपति रहते हुए वो ऐसा करेंगे।'

### ईरान में 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन

# जगह-जगह आगजनी, इंटरनेट मोबाइल फोन बंद, 45 मौतें

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान में इस वक्त भयंकर बवाल मचा है। महंगाई के खिलाफ जारी प्रदर्शन अब और तेज होते जा रहे हैं। गुरुवार, 8 जनवरी ईरान में देर रात हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए। राजधानी तेहरान समेत 100 शहरों में जोरदार प्रदर्शन हो रहे हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए ईरान में इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद कर दी गईं। इतना ही नहीं खबर है कि पूरे देश का एयरस्पेस भी बंद कर दिया गया है। दरअसल, ईरान की सरकार और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़क उठा है। महंगाई और गिरती करेंसी को लेकर बीते करीब 12 दिनों से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं, जो देखते ही देखते पूरे देश में फैल गए।




## रातभर सुरक्षाबलों से झड़प

इस वक्त ईरान में बड़े पैमाने पर सत्ता विरोधी आंदोलन चल रहा है। गुरुवार, 8 जनवरी रातभर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प कई खबरें सामने आईं। सड़कों से भीड़ को हटाने की कोशिशें की जा रही है, लेकिन प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हैं जगह-जगह से आगजनी और नारेबाजी की घटना सामने आ रही हैं। अबतक इन प्रदर्शनों में 45 लोगों की मौत हो गई है।

## महंगाई को लेकर कई दिनों से जारी आंदोलन हुआ और उग्र

### इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद

*ईरान के दिवंगत शाह के निर्वासित बेटे रजा पहलवी की अपील के बाद गुरुवार को प्रदर्शनकारी और उग्र हो गए। अलग-अलग इलाकों में बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर रैलियां निकालने लगे। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद सरकार ने भारी संख्या में सुरक्षाबलों को उतारा। इस बीच हालातों को देखते हुए ईरान में इंटरनेट और फोन बंद कर दी गई। रजा पहलवी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'आज रात लाखों ईरानियों ने अपनी आजादी की मांग की। इसके जवाब में, ईरान की सरकार ने सभी कम्युनिकेशन लाइनें काट दी हैं। उसने इंटरनेट बंद कर दिया है। उसने लैंडलाइन काट दी हैं।*

***यूरोप से मांगा समर्थन :*** *रजा ने इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी धन्यवाद कहा। रजा ने आगे लिखा, 'मैं आजाद दुनिया के नेता, राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने सरकार को जवाबदेह ठहराने के अपने वादे को दोहराया है। अब समय आ गया है कि दूसरे लोग, जिनमें यूरोपीय नेता भी शामिल हैं, उनके नक्शेकदम पर चलें, अपनी चुप्पी तोड़ें और ईरान के लोगों के समर्थन में ज्यादा मजबूती से कदम उठाएं।'*

## ट्रम्प का दावा- ईरानी शहर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा


अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा- दस लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन किया। ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गया है। सरकार की सुरक्षा बलों ने शहर छोड़ दिया है। मशहद की आबादी करीब 40 लाख है। यह शहर तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। यह ईरान का सबसे बड़ा धार्मिक शहर है। मशहद में इमाम रजा का पवित्र दरगाह भी है, जो शिया मुसलमानों का एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थल माना जाता है।

ग्रीनलैंड पर मचे बवाल के बीच आई प्रतिक्रिया

# पहले गोली मारेंगे फिर सवाल पूछेंगे डेनमार्क ने दी ट्रंप को 'चेतावनी'

एजेंसी ▶▶| कोपेनहेगेन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जे की लगातार धमकियों के बीच, डेनमार्क ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। देश के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अगर अमेरिका ग्रीनलैंड पर हमला करता है तो सैनिकों को पहले गोली चलानी होगी और बाद में सवाल पूछने होंगे। मंत्रालय ने डेनिश मीडिया को बताया कि सैनिकों को किसी भी विदेशी आक्रमण का मुकाबला बिना आदेश का इंतजार किए करना होगा, जैसा कि सेना की नियमावली में कहा गया है। डेनमार्क के पास अभी भी 1952 का आदेश है कि किसी भी आक्रामक शक्ति पर तुरंत गोली चलाई जाए।



आक्रमण की स्थिति में, हमले का सामना करने वाले सैनिकों को बिना आदेश की प्रतीक्षा किए तुरंत लड़ाई में उतरना होगा, भले ही संबंधित कमांडर युद्ध की घोषणा या युद्ध की स्थिति से अवगत न हों। डेनिश रक्षा मंत्रालय ने डेनिश अखबार बर्लिनज्स्के को पुष्टि की कि 1952 का तुरंत गोली चलाने वाले आदेश अभी भी लागू है।

## यह है मामला

मंत्रालय की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर हमला करने के बाद ग्रीनलैंड पर कब्जे की अपनी इच्छा दोहराने के बाद आई। हाल के दिनों में ट्रंप ने ग्रीनलैंड को या तो खरीदने या बलपूर्वक कब्जा करने की धमकी दी है। उनका दावा है कि अमेरिका 'राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से ग्रीनलैंड की जरूरत है।' व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने पुष्टि की कि ग्रीनलैंड को खरीदने की संभावित अमेरिकी पेशकश अभी राष्ट्रपति और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा दल द्वारा सक्रिय रूप से विचाराधीन है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति और उनकी टीम इस महत्वपूर्ण विदेश नीति लक्ष्य को पूरा करने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और निश्चित रूप से, अमेरिकी सेना का उपयोग हमेशा कमांडर इन चीफ के विकल्पों में शामिल है।


# झुका अमेरिका, जब्त टैंकर से दो रूसी नागरिक रिहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और रूस के बीच एक जंग लगे पुराने खाली तेल टैंकर को लेकर तनाव बढ़ गया था। रूस ने टैंकर की सुरक्षा के लिए अपनी पनडुब्बी और नौसेना तैनात कर दी थी लेकिन फिर बुधवार को अमेरिका ने आइसलैंड के पास अटलांटिक महासागर में जहाज पर कब्जा कर लिया। अमेरिका ने जहाज को जब्त करने के लिए ब्रिटेन की मदद ली और फिर बुधवार को इसे जब्त कर लिया गया। जहाज पर 28 क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें 3 भारतीय शामिल हैं। रूस ने तेल टैंकर पर कब्जे की कड़ी निंदा की और जहाज पर सवार अपने क्रू की वापसी की मांग की थी। रूस के इस कड़े रुख पर अमेरिका ने तेजी दिखाते हुए उसके दो क्रू मेंबरों को रिहा कर दिया है। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार, रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने पुष्टि की कि रूस के कहने पर अमेरिका ने रूसी क्रू सदस्यों को रिहा किया है।

■ एक जंग लगे पुराने खाली तेल टैंकर को लेकर बढ़ गया तनाव

राष्ट्रीय कैडेट कोर (मध्य प्रदेश एवं छ.ग.), भोपाल
पूर्व सैनिकों की भर्ती
एनसीसी निदेशालय (मध्य प्रदेश एवं छ.ग.), (डीजीएनसीसी / रक्षा मंत्रालय) सेवानिवृत्त जेसीओ एवं एनसीओ से नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।
एनसीसी इकाइयों में संविदा प्रशिक्षक स्टाफ
रिक्तियां : 26 जेसीओ और 45 एनसीओ
नियुक्ति दिनांक : 01 अप्रैल 2026
रोजगार स्थल : भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, मंदसौर, जबलपुर, बालाघाट सागर, ग्वालियर, भिण्ड, शिवपुरी, कटनी, छत्तरपुर (म.प्र.) एवं रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर (छग)
अधिक जानकारी के लिए देखें: www.nccindia.gov.in/hiring
आवेदन भेंजे ई-मेल: adpersmpcg-dte@nccindia.nic.in
या
डाक का पता : अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)
: एमपी एंड सीजी एनसीसी निदेशालय (कार्मिक)
पी - 77, सुल्तानिया इन्फैंट्री लाइन्स कैंट भोपाल-462001
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 30 जनवरी 2026




## अंकिता भंडारी केस : सीबीआई जांच की संस्तुति

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंकिता भंडारी के माता–पिता से बातचीत के बाद अब बड़ा फैसला लिया है। सीएम धामी ने अंकिता प्रकरण की सीबीआई जांच कराए जाने की संस्तुति कर दी है। इस पर अब केंद्र सरकार फैसला लेगी। सीएम धामी ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी विलंब के पूर्ण संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। प्रकरण से जुड़े सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया और राज्य सरकार की ओर से सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई।

## तुर्कमान गेट पथराव 8 आरोपियों को 14 दिन की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तुर्कमान गेट पथराव मामले में तीस हजारी कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने 8 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, दिल्ली पुलिस ने तुर्कमान गेट पर हुई पत्थरबाजी की घटना में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 12 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार की नमाज के मद्देनजर इलाके में और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।




# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफ Style

# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी




फिल्म 'तू या मैं' एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'तू या मैं' के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।

# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने



**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं। पोस्टर में शाहिद का खूंखार अंदाज तो दिख ही रहा है, जिसमें उनके हाथ पर बना टैटू और कई ब्रेसलेट लोगों का ध्यान खींच रहे हैं।

# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं



**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं। इस फिल्म की शूटिंग के लिए एक स्कूल में सेट तैयार किया गया है। स्कूल में ही पुलिस थाना तैयार किया गया है। फिल्म में पुलिस थाने का नाम बारवाड़ा रहेगा। तापसी पन्नू की शूटिंग को देखते हुए रोजाना लोकेशन के आसपास काफी लोगों की भीड़ अभिनेत्री को देखने के लिए उमड़ती है।

# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं।

## 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल





एजेंसी ⏭ मुंबई

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड' पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।

### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांताराः चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

*सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में लगातार तीसरे दिन भी सुनवाई शुरू हुई। सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालय परिसरों में भटकते कुत्तों की समस्या पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया शामिल हैं, मामले की सुनवाई हुई और शुक्रवार को करीब 1.50 घंटे सुनवाई चली।*

## वकील सिंघवी सुप्रीम कोर्ट से बोले- एक्सपर्ट से ही सलाह लें

# कुत्तों से जुड़े नियम मौजूद हैं, लिहाजा कोर्ट दखल न दे

### 'आवारा कुत्ते' मामले में लगातार तीसरे दिन शीर्ष कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी रखी। इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से इस मामले में दखल न देने की अपील की। एसीजीएस (ऑल क्रेचर्स ग्रेट एंड स्मॉल) नाम की संस्था की तरफ से दलील दे रहे सिंघवी ने कहा कि इस विषय पर कानून और नियम पहले से मौजूद हैं। ऐसे में अदालत का हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जब संसद जानबूझकर दखल नहीं दे रही है तो वहां अदालत को भी नहीं जाना चाहिए। सिंघवी ने आगे कहा कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) अच्छे तो होते हैं लेकिन वे कानून के सलाहकार होते हैं। किसी सब्जेक्ट के एक्सपर्ट नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स (जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञ) को भी शामिल किया जाना चाहिए।

**अवैध प्रजनन-आयात और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दे उठे**



**कुत्ते रखने वाली महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी**

सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट और एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि कुछ लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं और उन्हें यह तक कहते हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। अवारा कुत्तों के मामले की सुनवाई के दौरान, महालक्ष्मी पावनी ने बड़े पैमाने पर अवैध प्रजनन और विदेशी कुत्तों के अवैध आयात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिट बुल और हस्की नस्ल के कुत्तों को सड़कों पर छोड़ा जा रहा है। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि यह मामला स्ट्री डॉग्स (अवारा कुत्तों) के मुद्दे से संबंधित नहीं है। कृपया उन मुद्दों पर ध्यान दें जिनसे हम निपट रहे हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून में उपलब्ध उपायों का पालन किया जाना चाहिए।

### अरावली केस का उदाहरण

सिंघवी ने अरावली केस का उदाहरण दिया, जहां पहले बनी समिति में ज्यादातर अफसर थे एक्सपर्ट नहीं। इसी वजह से उस फैसले पर दोबारा विचार करना पड़ा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर 2025 को अरावली पहाड़ियों को लेकर फैसला सुनाया था। उसके अनुसार 100 मीटर से ऊपर की ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही 'अरावली हिल्स' माना जाना था। 29 दिसंबर 2025 को कोर्ट ने अपने फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि पहले एक्सपर्ट राय जरूरी है।

---

लैंड फॉर जॉब केस में लालू को झटका

## तेजस्वी-तेज, मीसा-हेमा समेत 46 पर आरोप तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में आरजेडी प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने लालू यादव के परिवार के सदस्यों राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए हैं। राऊज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने आरोप तय किए हैं। कोर्ट ने माना कि प्रथम दृष्टया आरोपितों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है। इसके साथ ही भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं में भी उन पर मुकदमा चलेगा।

## पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी सहित 3 लोगों की मौत, 1 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

■ इंदौर में ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार

इंदौर के तेजाजी नगर में शुक्रवार सुबह सवा 5 बजे एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के बेटे प्रखर सहित तीन की मौत हो गई। कार सवार एक युवती घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तेजाजी नगर के रालामंडल में दुर्घटना उस समय हुई जब कार सवार युवक-युवतियों पार्टी मनाकर लौट रहे थे। हादसे में मृत लोगों के नाम प्रखर कासलीवाल, मान संधु और प्रेरणा बच्चन है। वहीं अनुष्का राठी घायल हो गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक का ड्राइवर भी मौके से भाग गया था। सूचना मिलने के बाद पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन और उनकी पत्नी सहित परिवार के लोग अस्पताल के शवगृह पहुंच गए थे। प्रेरणा की मौत की खबर सुनकर उनकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। शाम करीब पांच बजे कासेल तालाब के समीप विश्राम घाट पर प्रेरणा का अंतिम संस्कार किया गया।

---

### शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के एनआईडीएमएस का उद्घाटन किया

# आतंकी गतिविधियों की जांच और उनके खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में अब और होगी आसानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के नेशनल आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम (एनआईडीएमएस) का उद्घाटन किया। अमित शाह ने कहा कि गत 6 वर्षों में अनेक प्रकार का डेटा जनरेट कर उसे व्यवस्थित तरीके से एकत्रित करने का महत्वपूर्ण काम हुआ है। एनआईडीएमएस आगामी दिनों में देश में होने वाली सभी प्रकार की आतंकवादी घटनाओं की जांच और उनके विभिन्न पहलुओं के विश्लेषण में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। साथ ही, एनआईडीएमएस आतंकवाद के विरुद्ध नेक्स्ट जेनरेशन सुरक्षा कवच बनेगा। गृह मंत्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने विगत वर्षों में विभिन्न प्रकार के डेटा सृजित किए हैं, लेकिन अब तक वे अलग-अलग थे। अब हम इन सभी डेटा स्रोतों को एक-दूसरे से जोड़ने और उनके विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक उन्नत सॉफ्टवेयर विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनआईडीएमएस की आज की यह शुरुआत इस प्रक्रिया को गति प्रदान करेगी और देश को आतंकवाद से सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी।

**एनआईडीएमएस आतंकवाद के विरुद्ध नेक्स्ट जेनरेशन सुरक्षा कवच बनेगा**

**आतंकी घटनाओं के विश्लेषण में अहम साबित होगा**

**पैटर्न को समझने से वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित अभियोजन संभव होगा :** गृह मंत्री ने कहा कि 'वन नेशन, वन डेटा रिपोजिटरी ' के माध्यम से अलग-अलग विभागों में बिखरा डेटा अब एक राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में हर पुलिस इकाई को उपलब्ध होगा। इससे अभियोजन की गति और गुणवत्ता दोनों में बहुत अच्छा और सकारात्मक बदलाव आएगा और हम पैटर्न को भी आसानी से समझ पाएंगे। उन्होंने कहा कि पैटर्न को समझने से वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित अभियोजन संभव होगा। साथ ही, एजेंसियों के बीच समन्वय भी बेहतर तरीके से स्थापित होगा। शाह ने आगे कहा कि यह सही सूचना को सही समय और सही जगह पर पहुंचाने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास होगा।

### *दो तरफा एकीकृत ऑनलाइन डेटा उपलब्ध*



एनआईडीएमएस का उद्घाटन करते गृह मंत्री शाह

अमित शाह ने आगे कहा कि एनआईडीएमएस से एनआईए, देशभर की एटीएस, राज्यों की पुलिस और सभी सीएपीएफ को एक वृहद, एकीकृत और ऑनलाइन डेटा प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा, जो दो-तरफा होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर हुए विस्फोट या आईईडी संबंधी घटना का डेटा इस सिस्टम में शामिल किया जा सकेगा। इस डेटा का उपयोग करके हर राज्य में जांच के दौरान आवश्यक गाइडेंस प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि एनआईडीएमएस आतंकी गतिविधियों की जांच, विस्फोटों के ट्रेंड समझने और उनके खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। अमित शाह ने कहा कि एनआईडीएमएस एक सुरक्षित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से देशभर की बम विस्फोट संबंधी घटनाओं का संगठित रूप से सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा।

---

### भारत क्लाइमेट फोरम 2026: जलवायु कार्रवाई विकास का अवसर, बाधा नहीं : उपराष्ट्रपति

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने क्लाइमेट फोरम 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु कार्रवाई भारत के विकास पर कोई बाधा नहीं, बल्कि समावेशी विकास को तेज करने, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार अर्थव्यवस्था के निर्माण का एक रणनीतिक अवसर है। उपराष्ट्रपति ने काउंसिल फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक अंडरस्टैंडिंग की सराहना करते हुए कहा कि इस फोरम को गंभीर चिंतन और सार्थक कार्रवाई के लिए एक राष्ट्रीय मंच के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु और सतत विकास को लेकर भारत की सोच उसकी सभ्यतागत विरासत में गहराई से निहित है। आधुनिक समय में स्थिरता की अवधारणा के उभरने से बहुत पहले ही भारतीय दर्शन में मानव गतिविधियों और प्रकृति के बीच सामंजस्य पर बल दिया गया था।

---

*संसद में चीन नीति पर बहस की माँग*

## चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव पर विपक्ष का तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



जिस चीन ने गलवान में हमारे सैनिकों को शहीद किया, ऑपरेशन सिंदूर में भारत के खिलाफ पाकिस्तान का साथ दिया, क्या उस पर लगा व्यापारिक प्रतिबंध हटाने पर हो रहा है विचार ? जैसे ही ये खबर एक विदेशी समाचार एजेंसी से जारी हुई देश में तीखी बहस हुई तेज हो गई। विपक्षी दलों ने मुद्दे को लपक लिया। केंद्र सरकार से जवाब तलब शुरू हो गए। ये बात अलग है कि शुक्रवार को पूरे दिन दिल्ली की हड़कंपाती ठंड में भी राजनीति का तापमान बढ़ा रहा। केंद्र सरकार से कोई जवाब नहीं आया। केंद्र सरकार द्वारा चीनी कंपनियों पर पिछले पाँच वर्षों से लगे प्रतिबंधों को हटाने के प्रस्ताव को लेकर देश की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस कदम को भारत की सुरक्षा, विदेश नीति और राष्ट्रीय स्वाभिमान के खिलाफ बताते हुए मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

## अयोध्या से भाजपा के टिकट पर ही लड़ूंगा : कटियार

**आगरा।** यूपी के आगरा में शुक्रवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- सपा के कई विधायक हमारे संपर्क में हैं। वे भाजपा में शामिल होना चाहते हैं, लेकिन पार्टी उन्हें लेना नहीं चाहती है। सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिप्टी सीएम ने कहा- जब से अखिलेश यादव बिहार में चुनाव हारकर लौटे हैं, तभी से वे बौखलाए और घबराए हुए हैं। वे मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं कि 2027 में सरकार बना लेंगे और समाज को बांटकर राज करेंगे। केशव मौर्य सर्किट हाउस से निकल कर फतेहाबाद पहुंचे। यहां जनचौपाल को संबोधित करते समय बिजली गुल हो गई। डिप्टी सीएम करीब 15 मिनट तक मंच पर खड़े रहे। जनरेटर शुरू होने के बाद उन्होंने अपना संबोधन शुरू किया।

## हिंदुओं पर हो रहे लगातार हमलों को लेकर भारत की बांग्लादेश को कड़ी चेतावनी

**जायसवाल ने कहा- सांप्रदायिक घटनाओं को खारिज करने से बढ़ते अपराधियों के हौसले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पिछले साल अगस्त-2025 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के अचानक भारत पहुंचने और उसके बाद हाल के समय में पड़ोसी देश में हुई कट्टरपंथी युवा उस्मान हादी की मौत दो ऐसी घटनाएं रही हैं। जिनके बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और उसमें भी खासकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और रक्तपात का क्रमवार सिलसिला शुरू हो गया है। मामला भारत के निकट पड़ोसी देश से जुड़ा हुआ है। इसलिए शुक्रवार को इस पर देश के अंदर से बेहद कड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देते हुए साफ शब्दों में बांग्लादेश को यह संदेश दे दिया कि हिंदू अल्पसंख्यकों के विरूद्ध जारी सांप्रदायिक घटनाओं को व्यक्तिगत दुश्मनी, राजनीतिक विवाद या बाहरी कारणों का नाम देकर खारिज नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इससे अपराधियों के ही हौसले बढ़ते हैं। इन घटनाओं से तुरंत और सख्ती से निपटना होगा।

### पाक संग जारी साठगांठ पर पूरी नजर

रणधीर ने मीडिया ब्रीफिंग में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच तेजी से बढ़ती नजदीकियों (दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवा की शुरुआत, पाक द्वारा बांग्लादेश को दिए जाने वाले चीनी जे-17 विमानों का मसला शामिल) को लेकर कहा कि हमें दोनों देशों के बीच जारी तमाम गतिविधियों के बारे में जानकारी है और इन पर हमारी करीब से नजर भी बनी हुई है। भारत ने शुक्रवार को अपने दो निकट पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान की नापाक कारगुजारियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें राजधानी में हुई एक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा कि शक्सगाम घाटी भारत का अभिन्न और अटूट अंग है और हम इस पर किए गए पाकिस्तान के अवैध कब्जे को स्वीकार नहीं करते हैं।

---

## प्रधानमंत्री मोदी आज से तीन दिन गुजारेंगे गुजरात में

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 जनवरी तक गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे धार्मिक, सांस्कृतिक, विकासात्मक और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

**10 जनवरी: सोमनाथ में धार्मिक कार्यक्रम**

प्रधानमंत्री 10 जनवरी की शाम सोमनाथ पहुँचेंगे। शाम करीब 8 बजे वे सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्र के सामूहिक जाप में भाग लेंगे। इसके पश्चात प्रधानमंत्री सोमनाथ मंदिर परिसर में आयोजित ड्रोन शो का अवलोकन करेंगे।

**11 जनवरी: शौर्य यात्रा और विकास कार्यक्रम**

11 जनवरी की सुबह करीब 9:45 बजे प्रधानमंत्री शौर्य यात्रा में शामिल होंगे। यह एक औपचारिक और प्रतीकात्मक यात्रा होगी, जिसका आयोजन सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले असंख्य वीर योद्धाओं के सम्मान में किया जा रहा है। इसके बाद प्रधानमंत्री सोमनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे।

---


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना द्वितीय//**

क्र. 2384/ई-टेण्डर/लो-11/2025-26 राजनांदगांव दिनांक 05/01/2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रूपये में | निविदा ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 183113 | Construction and Demolition (C&D) Waste Proceesing & Recycling Plant Municipal Corporation Rajnandgaon (3 Year Operation & Maintaince) 2nd call | 63.68 | 20.01.2026 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म विभाग) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 03 बिलासपुर (छ.ग.)**

**द्वितीय निविदा सूचना**

क्र. 45/न.पा.नि./जोन क्र. 03/2025-26 दिनांक 08/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 22.01.2026 को सायंकाल 4:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 17 अमलतास कॉलोनी आनंद गुप्ता के घर से राकेश शर्मा के घर तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य। | 7.13 | 5400 | 750 |
| 2 | वार्ड क्र. 15 एकता जी के घर से दिपक अग्रवाल के घर तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य। | 5.37 | 4100 | 750 |
| 3 | वार्ड क्र. 17 नेहरू नगर ठेठा डबरी में शिव मंदिर से मनीष यादव के घर तक नवीन सीमेंट कांक्रीट सड़क नाली सहित निर्माण कार्य। | 4.98 | 5000 | 750 |
| 4 | वार्ड क्र. 15 उमाशंकर के घर से देवांगन के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.55 | 2600 | 750 |
| 5 | वार्ड क्र. 15 उमा शंकर साहू के घर से देवांगन जी के घर तक (राइट साईड) आर सी सी नाली निर्माण कार्य। | 1.80 | 1800 | 300 |
| 6 | वार्ड क्र. 18 हनुमान मंदिर से चांटापारा रोड तक सी सी रोड निर्माण कार्य। | 0.75 | 750 | 300 |

नगर निगम के विभागीय वेब साईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र. 03,
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL, JAMUL, DISTT.- DURG (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**

Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in

NIT No. 267/Nivida Aamntran/2025-26 Jamul Dated: 07/01/2026

| System Tender No. | Call | Name of work / Description of work | Probable Amount of contract | Earnest Money Deposit | Bid Due date | Physical submission of EMD (FDR) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 183032 | 1st Call | Devolopment of FSTP Plant. | Rs. 29.39 Lacs | Rs. 22500.00 EMD (FDR) in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Jamul, Dist-Durg (C.G.) | 29-01-2026 | Dated-02-02-2026 Time-17.30 |

The Details can be viewed and downloaded online derectly from the Government of Chhattisgarh e-procurement and Urban Administration and Development Department portal http://eproc.cgstate.gov.in on 07.01.2026 17.30 AM (IST) on wards. For more details on the tender and building process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Municipal Council Jamul

**कार्यालय नगरपालिका परिषद महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

क्रमांक /2622 / न.पा /रा.वि./2025-26 महासमुन्द दिनांक 08 / 01 / 2026

**सार्वजनिक खुली बोली हेतु संशोधित सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद महासमुन्द के पत्र क्रमांक / 2486/न.पा./रा.वि./ 2025-26 महासमुन्द दिनांक 22.12.2025 द्वारा गुरुगोविंद उद्यान के सामने निर्मित चौपाटी की 06 दुकानों को खुली बोली दिनांक 09.01.2025 को आयोजित किया जाना था।

उक्त संबंध में अवगत कराया जाता है कि नीलामी कार्यवाही में संलग्न नीलामी अधिकारी / संबंधित कर्मचारी, वर्तमान में S.I.R. (मतदाता सूची सुधार एवं पुनरीक्षण) अंतर्गत निर्वाचन कार्य में संलग्न हैं, जिसके कारण नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपादित करने हेतु अमानत राशि जमा करने हेतु संशोधित तिथि 27.01.2026 एवं खुली बोली/नीलामी हेतु संशोधित तिथि 29.01.2026 को आयोजित किया जावेगा।

नीलामी से संबंधित विस्तृत शर्तें, दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में नगर पालिका परिषद, महासमुन्द राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद महासमुंद

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–अंश कुमार, उम्र–05 वर्ष, उँचाई–3 फीट, रंग–गोरा, पहनावा–पीला रंग का टी शर्ट एवं नीला रंग का हाफ पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता लडका अंश कुमार, उम्र–05 वर्ष, पिता–सुनील कुमार, ग्राम–हल्दी छपरा, बादल टोला, थाना–मनेर, जिला–पटना (बिहार), वर्तमान पता–मौसीबाड़ी खटाल, जगरनाथपुर, थाना–धुर्वा, जिला–राँची जो दिनांक–02.01.2026 को अपने घर से किराना दुकान के लिए निकले जो आज तक अपने घर वापस नहीं आए है, जिसके संबंध में धुर्वा थाना काण्ड संख्या–01/2026, दिनांक–03.01.2026, धारा–137(2) भा0न्या0सं0 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलता/दिखता है, तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID (rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। – 9431706143
थाना प्रभारी, धुर्वा, राँची। – 9431706166

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 370422 (Police) 25-26 (D)



### कर्ज में डूबी संकटग्रस्त कंपनी वीआई को मिली लाइफलाइन

# वोडाफोन आइडिया को राहत, अगले छह वर्ष तक चुकाने होंगे प्रति वर्ष 124 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में डूबी संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया को सरकार ने राहत देते हुए अगले छह वर्ष में बकाया राशि को चुकाने के लिए वार्षिक भुगतान की सीमा 124 करोड़ रुपये तय कर दी है, जिससे निकट भविष्य में नकदी प्रवाह में आसानी होगी।

वोडाफोन आइडिया ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) से प्राप्त एक सूचना का हवाला देते हुए शेयर बाजार को बताया कि मार्च 2032 और मार्च 2035 के बीच वार्षिक भुगतान की राशि को घटाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की शेष राशि का भुगतान मार्च 2036 से शुरू होकर छह वर्षों तक वार्षिक रूप से समान किस्तों में करना होगा। सरकार ने वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के 87,695 करोड़ रुपये के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर रोक लगाने पर 31 दिसंबर को सहमति जतायी थी जिसे संकटग्रस्त कंपनी को वित्त वर्ष से 2031-32 से 2040-41 तक चुकाना होगा।

## अगले दस वर्ष में 1,144 करोड़ का करेगी भुगतान

कुछ लोगों को उम्मीद थी कि मंत्रिमंडल एजीआर बकाया का कुछ हिस्सा या शायद पूरा ही माफ कर देगा। हालांकि इसके बजाय, मंत्रिमंडल ने बकाया राशि पर रोक लगाने का फैसला किया जिससे कंपनी को समय मिल सके। वोडाफोन-आइडिया अगले 10 वर्ष में सरकार को 1,144 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। शेष समायोजित सकल राजस्व बकाया जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 87,695 करोड़ रुपये पर स्थिर कर दिया है का भुगतान मार्च 2036 से शुरू करेगी।

- अगले छह वर्ष में बकाया राशि कंपनी को चुकानी होगी
- निकट भविष्य में नकदी प्रवाह में होगी आसानी
- मार्च 2032 और 2035 के बीच राशि को घटाकर 100 करोड़ किया जाएगा

### सुप्रीम कोर्ट के आधार पर दिया गया अंतिम रूप

कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि इन बकाया राशियों के अलावा, वर्ष 2017-18 और 2018-19 के एजीआर बकाया जिन्हें सितंबर 2020 के उच्चतम न्यायालय के आदेश के आधार पर अंतिम रूप दिया गया था..अब बिना किसी बदलाव के 2025-26 से 2030-31 वित्तीय वर्ष में चुकाने होंगे। यह वार्षिक भुगतान 124 करोड़ रुपये बनता है।

### 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी

इन कदमों से दूरसंचार कंपनी में 48.9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सरकार के हितों की रक्षा होगी। साथ ही स्पेक्ट्रम नीलामी शुल्क और एजीआर बकाया के रूप में केंद्र को देय राशि का व्यवस्थित भुगतान सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, वीआईएल इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में बनी रहेगी और उसके 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

### मुख्य कारण कड़ी प्रतिस्पर्धा

वोडाफोन-आइडिया लंबे समय से वित्तीय संकट से जूझ रही है जिसका मुख्य कारण कड़ी मूल्य प्रतिस्पर्धा, भारी कर्ज एवं एजीआर की परिभाषा में बदलाव के कारण उत्पन्न भारी एजीआर देनदारियां हैं। कंपनी लगातार घाटे, घटते ग्राहक आधार और नेटवर्क विस्तार में निवेश करने की सीमित क्षमता से जूझ रही है जबकि प्रतिद्वंद्वी कंपनियां 4जी और 5जी नेटवर्क को तेजी से पेश कर रहे हैं।

### एजीआर की बकाया राशि को रोक दिया जाएगा

कंपनी ने कहा कि हालांकि 31 दिसंबर तक 2006-07 से 2018-19 की अवधि के लिए मूलधन, ब्याज, जुर्माना एवं जुर्माने पर ब्याज सहित संपूर्ण एजीआर बकाया राशि को रोक दिया जाएगा और विभिन्न किस्तों में देय होगी।

- चांदी करीब तीन प्रतिशत बढ़कर 2.5 लाख रुपए प्रति किलोग्राम
- सोना बढ़कर 1,41,700 रुपए प्रति दस ग्राम

# चांदी में 6,500 रुपए और सोने में 1,200 रुपए की आई तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वैश्विक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की ताजा मांग से शुक्रवार को राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 6,500 रुपये बढ़कर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना बढ़कर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण चांदी 12,500 रुपये यानी करीब पांच प्रतिशत घटकर 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी। बुधवार को यह 2,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये बढ़कर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गयी, जबकि पिछली बार यह 1,40,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

**वैश्विक बाजार में घटकर बंद**

अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चांदी 76.92 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 4.32 डॉलर यानी 5.53 प्रतिशत घटकर 73.83 डॉलर प्रति औंस पर आ गया था।

## सेबी का निवेश कोषों के लिए रिपोर्टिंग प्रारुप जारी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) द्वारा विशेषीकृत निवेश फंडों (एसआईएफ) की रिपोर्टिंग के तरीके में एकरूपता लाने के मकसद से एक अनुपालन रिपोर्टिंग का प्रारूप जारी किया है। अनुपालन परीक्षण रिपोर्ट के प्रारूप को संशोधित किया गया है। और इसमें विशेष रूप से एसआईएफ के लिए एक नया भाग शामिल किया गया है। नए प्रारूप के तहत एसआईएफ का प्रबंधन करने वाली एएमसी को अब अतिरिक्त अनुपालन विवरण देने होंगे।

## भारत से एआई सर्वर डिजाइन निर्माण एवं निर्यात करेगी लेनोवो

**लास वेगास (अमेरिका)।** वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी लेनोवो, भारत को अपने बुनियादी ढांचा कारोबार के लिए एक प्रमुख निर्यात केंद्र में बदलने की योजना बना रही है। इसके तहत वह वैश्विक बाजारों के लिए देश में एआई सर्वर डिजाइन एवं विनिर्माण करेगी। 'सीईएस 2026' के दौरान कंपनी के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक स्कॉट टीज ने कहा कि कंपनी अपने बेंगलुरु स्थित विकास प्रयोगशाला का उपयोग 'एआई सर्वर सिस्टम' तैयार करने के लिए करेगी जिनका बाद में पांडिचेरी स्थित संयंत्र में घरेलू खपत एवं निर्यात दोनों के लिए विनिर्माण किया जाएगा।


## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला - उत्तर बस्तर कांकेर

**एन.आई.टी.क्रमांक/2877/आ.वि./निर्माण/2025-26** **कांकेर, दिनांक 07/01/2026**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

**(द्वितीय सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नांकित कार्य के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत "C" श्रेणी एवं इसमें ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ. आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह (वर्षा काल सहित) होगी।

1- ई निविदा प्रारंभ तिथि - 07.01.2026
2- ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 21.01.2026
3- अमानत राशि (एफ.डी.आर.) एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 27.01.2026
4- निविदा खोलने की तिथि - 28.01.2026

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम / स्थान का नाम | निविदा की राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 183331 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम, किरगापाटी में भवन निर्माण कार्य, वि.ख. कांकेर | 155.19 | 1.164 |
| 2 | 183332 | 50 सीटर पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास नरहरपुर में भवन निर्माण कार्य, वि.ख. नरहरपुर | 175.52 | 1.317 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट - https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास, कांकेर**


G- 252605918/5


# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश दिसंबर में छह प्रतिशत घटा, एसआईपी में बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड में दिसंबर में निवेश मासिक आधार पर छह प्रतिशत घटकर 28,054 करोड़ रुपये रहा।

उद्योग निकाय एम्फी ने इस संबंध में शुक्रवार को आंकड़े जारी किए। इक्विटी निवेश में कमी के साथ-साथ म्यूचुअल फंड उद्योग के समग्र परिसंपत्ति आधार में मामूली गिरावट आई।




- उद्योग निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े
- निवेश मासिक आधार पर घटकर 28,054 करोड़ रुपए

इससे प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) नवंबर के 80.80 लाख करोड़ रुपये से घटकर दिसंबर में 80.23 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह ऋण योजनाओं से भारी निकासी के प्रभाव को दर्शाता है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया (एम्फी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वेंकट एन. चालसानी ने कहा, ''उद्योग के एयूएम में आई कमी मुख्य रूप से नगदी प्रबंधन के लिए बॉन्ड यानी निश्चित आय वाले कोष से निकासी और सीमित बाजार-संबंधित मूल्य परिवर्तनों के कारण हुई। एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड उद्योग ने दिसंबर में 66,591 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की जानकारी दी।

# शेयर बाजार में पांचवें दिन गिरावट सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 605 अंक नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 193 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंताओं और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

कारोबारियों ने कहा कि भारतीय बाजारों से विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। शुरुआती कारोबार में मामूली सुधार के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपनी गति बरकरार रखने में विफल रहा और 604.72 अंक गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। निफ्टी 193.55 अंक टूटकर 25,683.30 पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक और व्यापार संबंधी चिंताओं, विशेष रूप से अमेरिकी शुल्क कार्रवाइयों को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच बाजार की धारणा कमजोर रही। कमजोर रुख ने नकारात्मक रुझान को और बढ़ा दिया।

### एनटीपीसी में गिरावट दर्ज

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.74 प्रतिशत टूटा और मिडकैप सूचकांक 0.90 प्रतिशत नुकसान में रहा।

### घरेलू बाजार में जोखिम से बचने की धारणा तेज

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका-भारत शुल्क वार्ता को लेकर अनिश्चितता और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच घरेलू बाजार में जोखिम से बचने की धारणा तेज हो गई है।

## डीजीसीए ने इंडिगो की अपील की खारिज

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि एक अपीलीय प्राधिकरण ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा एयरलाइन के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाए गए जुर्माने के खिलाफ उसकी अपील को खारिज कर दिया है। यह जुर्माना कुछ हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य सिमुलेटर का इस्तेमाल करने में कथित विफलता के लिए लगाया गया था।

पिछले साल सितंबर में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। डीजीसीए अपीलीय प्राधिकरण ने सात जनवरी के एक आदेश में इस अपील को खारिज कर दिया है। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बीएसई को बताया, ''इस मामले का निपटारा कंपनी के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये के जुर्माने को बहाल करते हुए किया गया है।

**बिजनेस साइट**

# तनिष्क के 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' अभियान का भव्य आगाज, अनन्या पांडे बनीं ब्रांड का चेहरा



**बेंगलुरु।** टाटा समूह की अग्रणी ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने अपने बहुप्रतीक्षित 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' के नवीनतम संस्करण के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह कदम न केवल ब्रांड की आधुनिक सोच को दर्शाता है, बल्कि अभियान को नई ऊर्जा और भावनात्मक गहराई भी देता है। 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' तनिष्क का प्राकृतिक हीरों का सबसे बड़ा वार्षिक उत्सव है, जिसमें इस वर्ष 10,000 से अधिक डायमंड डिजाइन्स पेश किए जा रहे हैं। अभियान के तहत रोजमर्रा की आधुनिक और बहु-उपयोगी ज्वेलरी को खास तौर पर हाइलाइट किया गया है, जो आज की आत्मविश्वासी महिलाओं की शैली और व्यक्तित्व से जुड़ती है। 10,000 से शुरू होने वाले डिजाइन्स और डायमंड वैल्यू पर फ्लैट 20% तक की छूट इस उत्सव को और आकर्षक बनाती है। इस मौके पर लॉन्च किया गया नया कैंपेन 'गिव विंग्स टू द गर्ल विथइन' डायमंड से जुड़ी खुशी को सामने लाता है, जो हर महिला के भीतर बसती है। यह अभियान यह संदेश देता है कि प्राकृतिक हीरे केवल खास मौकों तक सीमित नहीं, बल्कि रोजमर्रा की खुशी, आत्म-अभिव्यक्ति और आजादी का प्रतीक हैं। यह अभियान तनिष्क की उस सोच को मजबूत करता है, जहां हीरे हर दिन की ज़िंदगी का हिस्सा बनते हैं।

## छत्तीसगढ़ दुग्ध महासंघ कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न, कृष्णकुमार यादव बने प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ दुग्ध महासंघ में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ के आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल हेतु प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में कृष्णकुमार यादव निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इससे पूर्व वे वर्ष 2020 से कर्मचारी संघ में प्रदेश महामंत्री के पद पर निर्विरोध कार्यरत थे। वर्तमान कार्यकाल में महेंद्र जायसवाल को प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। शुक्रवार को आयोजित आमसभा में संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सभा में उप महामंत्री, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संगठन सचिव, संयोजक, महिला प्रकोष्ठ एवं प्रवक्ता सहित अन्य पदों पर प्रतिनिधियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष दीपक वर्मा ने अपने कार्यकाल के पूर्ण होने पर सभी कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष कृष्णकुमार यादव ने अपने उद्बोधन में दीपक वर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कर्मचारियों के हित में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

## हियरजैप का निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर 11 जनवरी तक




**रायपुर।** प्रदेशवासियों की श्रवण संबंधी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से हियरज़ैप द्वारा निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 7 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित होगा। शिविर का समय बुधवार से शनिवार प्रातः 11 बजे से सायं 7:30 बजे तक तथा रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर के अंतर्गत नागरिकों को अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से निशुल्क श्रवण जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा श्रवण यंत्र, स्पीच थेरेपी एवं कोक्लियर इम्प्लांट से संबंधित परामर्श भी दिया जाएगा। हियरज़ैप द्वारा श्रवण यंत्रों पर विशेष छूट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। यह शिविर रायपुर के कचहरी चौक, बैरन बाजार और शंकर नगर सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरोंअंबिकापुर, भिलाई, बिलासपुर, धमतरी, जगदलपुर, कोरबा एवं सारंगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

शिविर का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों, बच्चों तथा श्रवण समस्या से जूझ रहे लोगों को समय रहते सही जांच एवं उचित समाधान उपलब्ध कराना है। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर अपनी सुनने की क्षमता की जांच कराएं।


## कार्यालय अधिष्ठाता पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 521 रायपुर, दिनांक 08/01/2026

पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत Multidisciplinary Research Unit के लिए मेडिकल उपकरण क्रय हेतु पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ रू. 1000/- नगद भुगतान कर दिनांक 22.01.2026 की शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकतें हैं।

निविदा जमा की अंतिम तिथि - 23/01/2026 समय दोपहर 01:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 23/01/2026 समय दोपहर 03:00 बजे

स्थान :- अधिष्ठाता कार्यालय, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

(निविदा प्रपत्र चिकित्सा महाविद्यालय के वेबसाईट **www.ptjnmcraipur.in** में प्राप्त किया जा सकता है। किन्तु रूपये 1000 /- राशि जमा करने के उपरांत ही निविदा स्वीकृत होगा।

G-252605338/1

G-252605948/1

**अधिष्ठाता**
**पं. ज. ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)**



## संचालनालय वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

**:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::**

क्रमांक/I/239165/2026 रायपुर अटल नगर, दिनांक 08/01/2026

संचालनालय वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसढ़ अंतर्गत APPOINTMENT OF A FUND MANAGER FOR MANAGING THE CHHATTISGARH PENSION FUND FOR STATE GOVERNMENT OF CHHATTISGARH हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

(अ) ई-निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि -दिनांक 06.01.2026
(ब) ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 04.02.2026 समय अपरान्ह 3:30 बजे
(स) ई-निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 05.02.2026 समय पूर्वान्ह 11:30 बजे

उपरोक्त के संबंध में Pre Bid Meeting दिनांक 20.01.2026 को अपरान्ह 4:30 बजे hybrid mode (बैठक कक्ष मंत्रालय महानदी भवन में एवं ऑनलाईन virtual mode) के माध्यम से आयोजित की जायेगी। उक्त Pre Bid Meeting के online mode का लिंक **https://finance.cg.gov.in/** में उपलब्ध कराया जावेगा।

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** एवं विभागीय वेबसाईट **https://finance.cg.gov.in/** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में संशोधन एवं उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना उपरोक्त वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**

**सहायक संचालक**
**वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसगढ़**

G-252605938/2



## कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया, जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्रमांक/1503/न.पा.प./लो.नि.वि/2025-26 खरसिया, दिनांक 08.1.26

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षमत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (टी.डी.आर.) के रूप में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 183534 | वार्ड क्र 13 फकीर चौक से पिन्टू बुटिक तक बीटी रोड निर्माण कार्य, विमल गर्ग गली व राम शर्मा पार्षद गली। | Rs. 19.90 LACS | Rs. 15000/- |
| 2 | 183537 | वार्ड क्र 14 दीपचद लकडी टाल से मालधक्का बायपास रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs. 66.16 LACS | Rs. 50000/- |
| 3 | 183527 | वार्ड क्र 11 श्यामाप्रसाद मुखर्जी काम्प्लेक्स से फकीर चौक तक लैंड स्केपिंग साईट वॉल पेटिंग कार्य। वार्ड क्र. 11 श्यामाप्रसाद मुखर्जी काम्प्लेक्स से फकीर चौक तक लैंड स्केपिंग मुरल आर्ट कार्य। | Rs. 29.02 LACS | Rs. 22000/- |
| 4 | 183532 | वार्ड क्र 11 टाउन हॉल में समतलीकरण, मच निर्माण स्ट्रीट लाईट पोल आर सी सी नाली निर्माण एवं म्यूरल आर्ट कार्य। | Rs. 35.96 LACS | Rs. 27000/- |
| 5 | 183540 | वार्ड क्र कमला नेहरू स्कूल के पीछे से पकज राय घर से आगे मागे राम घर (युगलानद गली) तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | Rs. 13.01 LACS | Rs. 10000/- |
| 6 | 183543 | वार्ड क्र. 18 नगर पालिका खरसिया अधीनस्थ स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स स्वीमिंग पुल में उन्नयन कार्य। वार्ड क्र. 18 स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स खरसिया में परिवर्धन, परिवर्तन एवं नवीनीकरण कार्य। | Rs. 172.26 LACS | Rs. 130000/- |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् खरसिया**



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, सामान्य वनमंडल खैरागढ़

**काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपो ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांकः- 19.01.2026**
**नीलाम समय सुबह 09.00 से**

| प्रजाति | नया वनोपज (काष्ठ) | | | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 236.454 | 2035 | 4057 | 440.007 | 533 | 9210 |
| बीजा | 44.134 | 151 | 0 | 195.309 | 0 | 0 |
| साजा | 39.089 | 1208 | 66 | 42.396 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 21.321 | 900 | 124 | 21.095 | 0 | 0 |
| हल्दु, मुंडी | 12.099 | 243 | 0 | 21.042 | 0 | 0 |
| तिन्सा | 19.295 | 191 | 16 | 17.652 | 0 | 0 |
| खम्हार | 0.637 | 0 | 0 | 0.228 | 0 | 0 |
| कसही | 7.247 | 0 | 0 | 75.135 | 0 | 0 |
| भिरहा | 25.358 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| घाटा | 1.941 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| सलिहा मोदे | 1.832 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अन्य | 11.735 | 2362 | 560 | 18.101 | 0 | 0 |
| **योग** | **421.142** | **7090** | **4823** | **830.965** | **533** | **9210** |

**साल्हेवारा डिपो के अविक्रीत जलाऊ चट्टा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 43 चट्टा |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

G-252605949/3

**वन मण्डल अधिकारी, खैरागढ़ वनमंडल खैरागढ़**




# पानी पर बसा है दुनिया का ये अनोखा गांव, हिलती-डुलती रहती है जमीन

**नई दिल्ली।** मणिपुर की लोकटक झील दुनिया की सबसे अनोखी जगहों में से एक है, जहां घर, द्वीप और पूरा जीवन पानी पर तैरता है। फुमदी, तैरता नेशनल पार्क और 'आंसुओं की झील' की पहचान इसे प्रकृति का अद्भुत चमत्कार बनाती है। सोचिए जरा, एक ऐसा गांव जहां घर जमीन पर टिके नहीं होते, बल्कि पानी की सतह पर तैरते रहते हैं। जहां हवा का हल्का सा झोंका और पानी की छोटी-छोटी लहरें घरों को धीरे-धीरे झुलाती रहती हैं। जहां आप ठीक से खड़े भी नहीं हो सकते. जहां दरवाजा खोलते ही सामने सड़क नहीं, बल्कि चमकता हुआ पानी दिखाई देता है। पहली नजर में यह सब किसी फिल्म का सीन जैसा लगता है, लेकिन यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है। यह अनोखी जगह है मणिपुर की लोकटक झील, जो अपने आप में प्रकृति का एक अद्भुत चमत्कार है।

### फुमदी क्या हैं?

फुमदी कोई जमीन का टुकड़ा नहीं होता, बल्कि यह सड़ चुके पौधों, जड़ों, मिट्टी और जैविक पदार्थों की कई परतों से बनता है। सालों-साल तक ये परतें एक-दूसरे पर जमती जाती हैं और धीरे-धीरे एक ठोस स्ट्रक्चर का रूप ले लेती हैं। यही वजह है कि इन पर न सिर्फ घास उगती है, बल्कि लोग अपने घर भी बना लेते हैं। लोकटक झील में रहने वाले लोग पूरी तरह फुमदी पर निर्भर हैं। उनके घर, रोजमर्रा की जिंदगी और आजीविका सब कुछ पानी पर ही चलता है। यहां लोग नाव से एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। बच्चे नाव में बैठकर स्कूल जाते हैं और मछली पकड़ना यहां के लोगों की सबसे बड़ी रोजी-रोटी है। यह झील एक पूरा प्राकृतिक इकोसिस्टम है, जो स्थानीय लोगों को जीवन देता है।



### क्यों कहा जाता है आंसुओं की झील?

लोकटक झील को 'आंसुओं की झील' के नाम से भी जाना जाता है। स्थानीय लोगों के बीच यह नाम इसलिए प्रचलित हुआ, क्योंकि कभी यह झील धीरे-धीरे सूखने लगती है और फिर बारिश के मौसम में दोबारा भरकर जीवंत हो उठती है, मानो प्रकृति की आंखों से आंसू बह रहे हों। इसे एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील मानी जाती है।

### यहीं मौजूद है दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ नेशनल पार्क

लोकटक झील के भीतर केवलादेव नेशनल पार्क नहीं, बल्कि केइबुल लामजाओ नेशनल पार्क स्थित है। यह दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ नेशनल पार्क है। इस पार्क की सबसे खास बात यह है कि पूरा पार्क पानी पर तैरते हुए पौधों और फुमदी पर बना हुआ है। यहां एक बेहद दुर्लभ प्रजाति का हिरण पाया जाता है, जिसे सांगाई हिरण या नाचता हुआ हिरण कहा जाता है। यह हिरण केवल इसी क्षेत्र में पाया जाता है और इसकी संख्या बहुत कम रह गई है। इसी अनोखी प्रजाति को संरक्षण देने के उद्देश्य से 1977 में केइबुल लामजाओ को नेशनल पार्क घोषित किया गया था।

## रोचक खबरें




## क्या 6 सौ साल बाद फिर लौटेगा 12 फीट का दानव पक्षी

**वेलिंगटन।** कुछ वैज्ञानिक मिलकर मोआ नाम के लुप्त हो चुके पक्षी को फिर से वापस लाने की योजना बना रहे हैं। यह एक ना उड़ने वाला पक्षी था जो न्यूजीलैंड में रहा करता था। कभी न्यूजीलैंड में पाया जाने वाला एक ऐसा जो उड़ नहीं सकता था, 600 साल पहले विलुप्त हो चुका है। यह कद में इंसानों से कहीं ज्यादा लंबा हुआ करता था, लगभग 12 फीट ऊंचा और 230 किलो से ज्यादा भारी. कोलोसल बायोसाइंसेज नाम की कंपनी इस काम में मशहूर फिल्म लॉर्ड ऑफ द रिंग्स के डायरेक्टर पीटर जैक्सन की मदद ले रही है। करीब 600 साल पहले जब इंसान न्यूजीलैंड पहुंचे तो उन्होंने इस पक्षी का इतना शिकार किया कि यह हमेशा के लिए गायब हो गए। अब वैज्ञानिक नई तकनीक की मदद से इसे फिर से जिंदा करने की कोशिश कर रहे हैं। न्यूजीलैंड की प्रमुख माओरी जनजाति और वहां की यूनिवर्सिटी मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। जानकारों का कहना है कि ये पक्षी उनकी पुरानी कहानियों और संस्कृति का एक बहुत बड़ा हिस्सा रहे हैं। वे इस पक्षी को सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि अपनी विरासत मानते हैं। इस प्रोजेक्ट को पुराने रीति-रिवाज और आधुनिक विज्ञान को जोड़कर देखा जा रहा है।

## 80 साल पहले जिसे मरा मान लिया था, वो जिंदा निकला

**केनबरा।** लगभग 80 साल बाद एक ऐसा जानवर फिर से देखा गया है, जिसके बारे में सबको लगा था कि वह हमेशा के लिए खत्म हो चुका है। यह अनोखा जीव ऑस्ट्रेलिया की धरती से गायब माना जा रहा था, लेकिन अब इसके दोबारा दिखने से वैज्ञानिक काफी उत्साहित हैं। वैज्ञानिकों और प्रकृति प्रेमियों को डर था कि एक खास जीव हमेशा के लिए खत्म हो चुका है। लेकिन, 80 साल के लंबे इंतजार के बाद यह रहस्यमयी जीव एक बार फिर दिखाई दिया है। इस जीव के दोबारा मिलने से पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों में खुशी और उम्मीद की लहर दौड़ गई है। इसे पर्यावरण और लुप्त हो रहे जानवरों को बचाने की जंग में एक बड़ी जीत माना जा रहा है। इस जीव के मिलने से वैज्ञानिकों की सालों की कड़ी मेहनत और नए तरीकों से की गई तलाश की वजह से संभव हो पाया है। यह एक छोटा सा मांसाहारी जानवर है जो ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है और यह क्वोल की चार प्रजातियों में सबसे छोटा है। यह कीड़े-मकोड़े तो खाता ही है लेकिन साथ में चूहे, छिपकली, फल और यहां कि मरे हुए जानवरों तक को खा जाता है। यह जीव अपने इलाके में छोटे जानवरों की संख्या काबू में रखने में मदद करता है जिससे संतुलन बना रहे।



**हड़कंप**

### अंतरिक्ष में मेडिकल इमरजेंसी...

# नासा ने बीच में ही रोका मिशन वापस बुलाए 4 अंतरिक्ष यात्री

**वॉशिंगटन।** धरती से 400 किमी ऊपर ISS पर एक मेडिकल इमरजेंसी ने हड़कंप मचा दिया है। नासा ने अपने क्रू-11 मिशन को बीच में ही रोककर चारों अंतरिक्ष यात्रियों तो तुरंत धरती पर वापस लाने का फैसला लिया गया है। नासा ने फैसला किया है कि क्रू-11 मिशन के चारों अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द ही अंतरिक्ष स्टेशन से वापस धरती पर बुलाएगा। एक अंतरिक्ष यात्री की तबीयत खराब होने की वजह से यह फैसला लिया गया है। इसी वजह से 8 जनवरी को होने वाली स्पेसवॉक को भी स्थगित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया है कि बीमार अंतरिक्ष यात्री की हालत अभी स्थिर है और उनकी जान को किसी तरह का खतरा नहीं है। लेकिन, नासा कोई रिस्क नहीं लेना चाहता इसलिए चाहता है कि उनका इलाज धरती पर हो.



### क्या था पूरा मिशन?

अंतरिक्ष यात्री माइक फिंके और जेना कार्डमैन को अंतरिक्ष में पैदल चलकर सोलर पैनल और बिजली की मशीनों को ठीक करना था। यह काम अंतरिक्ष स्टेशन की पावर सप्लाई के लिए बहुत जरूरी था। माइक पहले भी कई बार स्पेसवॉक कर चुके हैं, जबकि जेना कार्जमैन के लिए यह नया अनुभव होने वाला था। बुधवार देर रात नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री की सेबत बिगड़ने पर अभी इस काम को टाल दिया है।

### क्या होता है शरीर पर अंतरिक्ष का असर?

जीरो ग्रैविटी में रहने से शरीर में खून और तरल पदार्थों का बैलेंस बिगड़ जाता है, हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और नसों में खून के थक्के जमने का खतरा बढ़ जाता है। अंतरिक्ष यात्रियों बीमार होने पर खुद का इलाज करने की भी ट्रेनिंग लेते हैं। उनके पास मेडिकल किट होती है और वे धरती पर मौजूद डॉक्टरों से वीडियो कॉल के जरिए बात भी कर सकते हैं।

### आसान नहीं है अंतरिक्ष की राह

धरती से 400 किमी अंतरिक्ष में रहना कितना मुश्किल है, यह इस घटना से पता चलता है। स्पेस में हर फैसला सोच-समझकर लेना पड़ता है। नासा ने साफ किया है कि उनके लिए लोगों की जान सबसे कीमती है और किसी भी प्रयोग के लिए अंतरिक्ष यात्रियों की सेहत से समझौता नहीं करेंगे। नासा ने वादा किया है कि अगले 24 घंटों के अंदर वह पूरी जानकारी देगा।

### किन देशों के एस्ट्रोनॉट्स हैं शामिल?

कुछ महीने पहले शुरू हुए इस मिशन क्रू-11 में अमेरिका, जापान और रूस के अंतरिक्ष यात्री मिलकर काम कर रहे हैं। ये सभी अंतरिक्ष यात्री वहां विज्ञान से जुड़े जरूरी प्रयोग कर रहे हैं जैसे, जीरो ग्रैविटी का इंसानी शरीर पर क्या असर पड़ता है और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं और नई तकनीकें कैसे काम करती हैं। बता दें कि, नासा के नियमों के चलते बीमार एस्ट्रोनॉट्स का नाम छिपाकर रखा गया है।




# बिना पेट्रोल-डीजल सालों तक कैसे उड़ते हैं सैटेलाइट?

**वॉशिंगटन।** लोग अक्सर सोचते हैं कि सैटेलाइट अंतरिक्ष में एक जगह टिक कर मंडरा रहे हैं, लेकिन यह सच नहीं है। सैटेलाइट वास्तव में एक लगातार गिरने की हालत में होते हैं। दुनिया भर में 13,000 से भी ज्यादा सैटेलाइट धरती के चक्कर लगा रहे हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि वे गुरुत्वाकर्षण होने के बावजूद ज़मीन पर क्यों नहीं गिरते? सैटेलाइट के नीचे ना गिरने के पीछे बहुत ही बारीक संतुलन है। एक तरफ धरती की ग्रैविटी उसे अपनी तरफ खींचती है तो दूसरी तरफ सैटेलाइट की अपनी आगे बढ़ने की बहुत तेज रफ्तार उसे दूर धकेलती है। इन दोनों ताकतों के मेल से एक गोल रास्ता बनता है, जिस पर सैटेलाइट घूमता रहता है। सैटेलाइट जितनी तेजी से नीचे गिरने की कोशिश करता है, उतनी ही तेजी से धरती की सतह उसके नीचे से घूम जाती है।



### काम आ रहा है न्यूटन का नियम

महान वैज्ञानिक न्यूटन के नियमों की वजह से ही आज हम जीपीएस और मौसम की जानकारी जैसी सुविधाओं का इस्तेमाल कर पा रहे हैं। आज अंतरिक्ष में 10,000 से भी ज्यादा सैटेलाइट चक्कर लगा रहे हैं और यह सब उन्हीं वैज्ञानिक सिद्धांतों की वजह से ही संभव हो पाया है और इसी वजह से सैटेलाइट स्पेस में काम कर पा रहे हैं।

**खिंचाव और रफ्तार का जबरदस्त मुकाबला :** धरती की ग्रैविटी एक चुंबक की तरह सैटेलाइट को लगातार अपनी ओर खींचती है। यह तेज रफ्तार एक फोर्स पैदा करती है और यहीं ताकत धरती के खिंचाव को ठीक उसी तरह रोक लेती है, जैसे एक हाथ में धागे से बंधा पत्थर घुमाते समय वह पत्थर दूर भागने की कोशिश करता है। ये दोनों ताकतें एक-दूसरे को बराबर कर देती हैं, जिससे सैटेलाइट टिका रहता है।

### अंतरिक्ष में सैटेलाइट कैसे टिके रहते हैं?

स्पेस में सैटेलाटइ और उनके अंदर की हर चीज भारहीन महसूस करती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि सैटेलाइट और उसके अंदर का सारा सामान एक ही रफ्तार से एक साथ नीचे गिर रहे होते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि अंतरिक्ष में घूमने के लिए सैटेलाइट इंजन ऑन नहीं रखते।

### फिर स्पेस में कैसे उड़ते हैं सैटेलाइट?

एक बार जब रॉकेट सैटेलाइट को सही ऊंचाई और रफ्तार में छोड़ देता है तो जड़त्व उसे आगे की तरफ बढ़ाता रहता है। उसी समय धरती की ग्रैविटी उसे नीचे खींचती है और इन दोनों के तालमेल से उपग्रह का रास्ता एक गोल या अंडाकार घेरे में बदल जाता है और बिना किसी ईंधन के सालों तक चक्कर काटता रहता है।

# दातुन बेचकर हर दिन 10 हजार की कमाई! माघ मेले में आई 2 महिलाओं का खुलासा

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर इन दिनों प्रयागराज के माघ मेले से जुड़ा एक वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है, जिसमें दातुन बेचने वाली दो महिलाएं अपनी कमाई को लेकर चौंकाने वाला खुलासा करती नजर आ रही हैं। वीडियो में दोनों महिलाएं एक शख्स से बातचीत के दौरान बताती हैं कि उन्होंने सिर्फ एक दिन में दातुन बेचकर करीब 10 हजार रुपए कमा लिए हैं। वीडियो में महिलाएं बताती हैं कि माघ मेले में वे सुबह करीब 3 बजे से ही दातुन बेचना शुरू कर देती हैं। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने की वजह से दिन ही नहीं, बल्कि रातभर भी बिक्री चलती रहती है। महिलाओं का कहना है कि यहां इतनी भीड़ रहती है कि दातुन की मांग कभी खत्म ही नहीं होती। वीडियो में मौजूद शख्स बताता है कि दातुन बेचने वाली ये दोनों महिलाएं आपस में बहनें हैं।




### साइज में दो मंजिला इमारत से भी बड़ा

# समंदर की गहराई में मिला 15वीं सदी का जहाज

**कोपेनहेगन।** समुद्र के तट पर वैज्ञानिकों को 600 सालों से खोए हुए जहाज का मलबा मिला है। यह जहाज मध्यकाल का है और इसकी खोज से पता चलता है कि उस जमाने में भी लोग कितने बड़े-बड़े जहाज बनाना जानते थे। वैज्ञानिकों को 15वीं सदी का एक विशाल जहाज मिला है जिसका नाम स्वेलगेट 2) रखा गया है। यह एक खास तरह का जहाज है जिसे कॉग कहा जाता था। उस जमाने में उत्तरी यूरोप में व्यापार के लिए ऐसे ही जहाजों का इस्तेमाल होता था। यह अब तक का मिला सबसे बड़ा कॉग जहाज है। यह जहाज लगभग 28 मीटर लंबा और 9 मीटर चौड़ा है और इसकी ऊंचाई करीब 6 मीटर या लगभग दो मंजिला इमारत जितना ऊंचा है। कोपेनहेगन में समुद्र के पास निर्माण का काम चल रहा था उसी दौरान पानी के नीचे की जांच की उन्हें यह जहाज मिला।



### किसलिए बनते थे ऐसे बड़े जहाज?

इस जहाज को सोना-चांदी नहीं, बल्कि लकड़ी, नमक और खाने-पीने का भारी सामान ढोने के लिए बनाया गया था। यह जहाज इस बात का सबूत है कि 600 साल पहले यूरोप के बड़े शहरों को बसाने के लिए भारी सामान एक से दूसरी जगह ले जाना कितना जरूरी था। इसे इतना बड़ा इसी वजह से बनाया गया जिससे यह भारी सामान लेकर जा सके।

### कैसा था इस जहाज का डिजाइन?

इसका नीचला हिस्सा चपटा था दीवारें ऊंची थीं, साथ ही एक बहुत बड़ा पाल लगा हुआ था जिससे यह हवा के सहारे आसानी से भारी वजन लेकर जा सके। इन जहाजों की सबसे बड़ी खूबी थी कि इन्हें चलाने के लिए कम लोगों की जरूरत पड़ती थी, लेकिन ये बहुत सार सामान अपने साथ लेकर जा सकते थे। कोपेनहेगन में मिला यह जहाज उस समय के यूरोप को जोड़ने का मुख्य जरिया था।

### कई देशों की लगी थी मेहनत

वैज्ञानिकों ने जब इस जहाज की लकड़ी की जांच की तो पता चला कि इसे बनाने में कई देशों की लकड़ी का इस्तेमाल हुआ थी। जहाज के बाहरी तख्ते पोलैंड के जंगलों से आए थे, जबकि जहाज का अंदरूनी ढांचा नीदरलैंड की लकड़ी से बना था। समुद्र के नीचे जमा कीचड़ और मिट्टी की मोटी परत ने इस जहाज को सड़ने से बचाए रखा।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com